


# Chapter 15
# सरल रेखा

## परिभाषा (Definition)

सरल रेखा वह वक्र है, जिसमें दो बिन्दुओं को मिलाने वाले रेखाखण्ड का प्रत्येक बिन्दु वक्र पर स्थित होता है। किसी तल में एक बिन्दु का सरलतम बिन्दुपथ एक सरल रेखा होती है। एक रेखा निम्न में से किसी एक के द्वारा अद्वितीय रूप से ज्ञात की जा सकती है :

(1) दो विभिन्न बिन्दु (क्योंकि हम जानते हैं कि दिये गये दो बिन्दुओं से एक और केवल एक रेखा गुजरती है।)

(2) एक बिन्दु तथा एक दी गई दिशा।

## रेखा की प्रवणता (ढाल) (Slope (gradient) of a line)

किसी सरल रेखा की प्रवणता उस कोण की त्रिकोणमितीय स्पर्शज्या होती है, जो सरल रेखा $x$-अक्ष की धनात्मक दिशा से बनाती है।

रेखा की प्रवणता को साधारणतः $m$ से व्यक्त करते हैं, अर्थात् $m = \tan\theta$







(1) $x$-अक्ष के समान्तर रेखा की प्रवणता $m = \tan 0^o = 0$

(2) $y$-अक्ष के समान्तर रेखा की प्रवणता $m = \tan 90^o = \infty$

(3) दोनों अक्षों के साथ समान कोण से झुकी रेखा की प्रवणता 1 या –1 होगी।

(4) बिन्दुओं $A(x_1, y_1)$ तथा $B(x_2, y_2)$ से जाने वाली रेखा की प्रवणता $\frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}$, अर्थात् $\frac{\text{कोटियों में अन्तर}}{\text{भुजों में अन्तर}}$ होगी।

(5) रेखा $ax + by + c = 0, b \neq 0$ की प्रवणता $-\frac{a}{b}$ होगी।

(6) दो समान्तर रेखाओं की प्रवणतायें बराबर होती हैं।

(7) यदि दो लम्बवत् रेखाओं की प्रवणतायें $m_1$ व $m_2$ हों, तो $m_1 m_2 = -1$.

(8) $m$ को $\tan\theta$ से व्यक्त कर सकते हैं, जबकि $0 \leq \theta \leq \pi$ तथा $\theta \neq \frac{\pi}{2}$.

## विभिन्न रूपों में सरल रेखा का समीकरण (Equations of straight line in different forms)

(1) **प्रवणता रुप** (Slope form) **:** मूल बिन्दु से जाने वाली रेखा, जिसकी प्रवणता $m$ है, का समीकरण $y = mx$ होगा।

(2) **एक बिन्दु रूप या बिन्दु-प्रवणता रूप** (One point form or Point slope form) **:** उस रेखा का समीकरण, जो बिन्दु $(x_1, y_1)$ से होकर जाती है तथा जिसकी प्रवणता $m$ है, $y - y_1 = m(x - x_1)$ होगा।

(3) **प्रवणता-अन्तःखण्ड रूप** (Slope intercept form) **:** रेखा (ऊर्ध्वाधर नहीं) का समीकरण, जिसकी प्रवणता $m$ है तथा $y$-अक्ष पर $c$ अन्तःखण्ड काटती है, $y = mx + c$ होगा।




उस रेखा का समीकरण, जिसकी प्रवणता $m$ है तथा $x$-अक्ष पर अन्तःखण्ड $d$ है, $y = m(x - d)$ होगा।

(4) **अन्तःखण्ड रूप** (Intercept form) **:** यदि सरल रेखा $x$-अक्ष को बिन्दु $A$ तथा $y$-अक्ष को बिन्दु $B$ पर काटती है, तो $OA$ तथा $OB$ क्रमशः $x$-अक्ष तथा $y$-अक्ष पर काटे गये अन्तःखण्ड हैं।

सरल रेखा, जो $x$-अक्ष तथा $y$-अक्ष से क्रमशः $a$ तथा $b$ अन्तःखण्ड काटती है, का समीकरण $\frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 1$ होता है।




यदि दी गयी सरल रेखा $X$-अक्ष के समान्तर हो, तो $X$-अन्तःखण्ड अपरिभाषित होता है।

यदि दी गयी सरल रेखा $Y$-अक्ष के समान्तर हो, तो $Y$-अन्तःखण्ड अपरिभाषित होता है।

(5) **रेखा का दो बिन्दु रूप** (Two point form) : बिन्दुओं $A(x_1, y_1)$ तथा $B(x_2, y_2)$ से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण $(y - y_1) = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}(x - x_1)$ है।

सारणिक रूप में, रेखा का समीकरण है : $\begin{vmatrix} x & y & 1 \\ x_1 & y_1 & 1 \\ x_2 & y_2 & 1 \end{vmatrix} = 0.$




(6) **अभिलम्ब रूप** (Normal or perpendicular form) : रेखा, जिस पर मूल बिन्दु से डाले गये लम्ब की लम्बाई $p$ है तथा यह लम्ब $x$-अक्ष के साथ $\alpha$ कोण बनाता है, का समीकरण है,
$x\cos\alpha + y\sin\alpha = p$ .




(7) **रेखा का प्राचलिक या सममित या दूरी रूप** : बिन्दु $(x_1, y_1)$ से होकर जाने वाली तथा $x$-अक्ष की धनात्मक दिशा से $\theta$ कोण बनाने वाली रेखा का समीकरण है,

$$\frac{x - x_1}{\cos\theta} = \frac{y - y_1}{\sin\theta} = \pm r$$

जहाँ $r$, बिन्दु $P(x, y)$ एवं $A(x_1, y_1)$ के बीच की दूरी है।

इस रेखा पर स्थित किसी बिन्दु के निर्देशांक $(x_1 \pm r\cos\theta, y_1 \pm r\sin\theta)$ को प्राचलिक निर्देशांक कहते हैं, जहाँ '$r$' प्राचल है।




## दी गई रेखा के समान्तर एवं लम्बवत् रेखाओं का समीकरण
### (Equation of parallel and perpendicular lines to a given line)

(1) रेखा, जो रेखा $ax + by + c = 0$ के समान्तर है, का समीकरण $ax + by + \lambda = 0$ होगा।

(2) रेखा, जो रेखा $ax + by + c = 0$ के लम्बवत् है, का समीकरण $bx - ay + \lambda = 0$ होगा।

उपरोक्त दोनों स्थितियों में $\lambda$ का मान प्रश्नानुसार ज्ञात करते हैं।

(3) यदि रेखा का समीकरण $a\sin\theta + b\cos\theta = c$ हो, तब

(i) इसके समान्तर रेखा का समीकरण $a\sin\theta + b\cos\theta = d$ होगा।

(ii) इसके लम्बवत् रेखा का समीकरण

$$a\sin\left(\frac{\pi}{2} + \theta\right) + b\cos\left(\frac{\pi}{2} + \theta\right) = d \text{ होगा।}$$

## सरल रेखा के व्यापक समीकरण का मानक रूपों में रूपान्तरण
### (General equation of a straight line and its transformation in standard forms)

रेखा का व्यापक समीकरण $ax + by + c = 0$ है।

(1) **प्रवणता-अन्तःखण्ड रूप** (Slope intercept form) :

$y = -\frac{a}{b}x - \frac{c}{b}$, प्रवणता $m = -\frac{a}{b}$ एवं $y$-अक्ष पर अन्तःखण्ड $C = -\frac{c}{b}$.

(2) **अन्तःखण्ड रूप** (Intercept form) : $\frac{x}{-c/a} + \frac{y}{-c/b} = 1$,

$x$ अन्तःखण्ड $= \left(-\frac{c}{a}\right)$ एवं $y$-अन्तःखण्ड $= \left(-\frac{c}{b}\right)$.

(3) **अभिलम्ब रूप** (Normal form) : सरल रेखा के व्यापक रूप को अभिलम्ब रूप में परिवर्तित करने के लिए सर्वप्रथम $c$ को दायीं ओर लेते हैं एवं धनात्मक बनाते हैं। इसके बाद $\sqrt{a^2 + b^2}$ से समीकरण में भाग देते हैं

इस प्रकार, $-\frac{ax}{\sqrt{a^2+b^2}} - \frac{by}{\sqrt{a^2+b^2}} = \frac{c}{\sqrt{a^2+b^2}}$,

जहाँ $\cos\alpha = -\frac{a}{\sqrt{a^2+b^2}}$, $\sin\alpha = -\frac{b}{\sqrt{a^2+b^2}}$

एवं $p = \frac{c}{\sqrt{a^2+b^2}}$.

## दो रेखाओं का प्रतिच्छेद बिन्दु
### (Point of intersection of two lines)

माना $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ एवं $a_2x + b_2y + c_2 = 0$ दो असमान्तर रेखाएँ हैं। यदि इनके प्रतिच्छेद बिन्दु के निर्देशांक $(x', y')$ हों, तब $a_1x' + b_1y' + c_1 = 0$ एवं $a_2x' + b_2y' + c_2 = 0$

समीकरणों को हल करने पर,

$$(x', y') = \left(\frac{b_1c_2 - b_2c_1}{a_1b_2 - a_2b_1}, \frac{c_1a_2 - c_2a_1}{a_1b_2 - a_2b_1}\right) = \left(\frac{\begin{vmatrix} b_1 & b_2 \\ c_1 & c_2 \end{vmatrix}}{\begin{vmatrix} a_1 & a_2 \\ b_1 & b_2 \end{vmatrix}}, \frac{\begin{vmatrix} c_1 & c_2 \\ a_1 & a_2 \end{vmatrix}}{\begin{vmatrix} a_1 & a_2 \\ b_1 & b_2 \end{vmatrix}}\right).$$

## दो रेखाओं के प्रतिच्छेद बिन्दु से होकर जाने वाली रेखाओं का व्यापक समीकरण (General equation of lines through the intersection of two given lines)

यदि दो रेखायें $P = a_1x + b_1y + c_1 = 0$

एवं $Q = a_2x + b_2y + c_2 = 0$ हों, तो

इन रेखाओं के प्रतिच्छेद बिन्दु से जाने वाली रेखाओं का समीकरण है, $P + \lambda Q = 0$ या $a_1x + b_1y + c_1 + \lambda(a_2x + b_2y + c_2) = 0$ ; $\lambda$ का मान प्रश्न में दिये गये अतिरिक्त निर्देशों की सहायता से प्राप्त करते हैं।

## दो असमान्तर प्रतिच्छेदी रेखाओं के बीच का कोण
### (Angle between two non-parallel lines)

माना रेखाओं $y = m_1x + c_1$ एवं $y = m_2x + c_2$ के बीच कोण $\theta$ है एवं दोनों रेखायें प्रतिच्छेद करती हैं, तब $\theta = \tan^{-1}\left|\frac{m_1 - m_2}{1 + m_1m_2}\right|$. यदि दो रेखाओं के मध्य कोण $\theta$ है, तब इन दोनों रेखाओं के मध्य कोण $(\pi - \theta)$ भी होगा।

(1) **दो सरल रेखाओं के बीच कोण, जबकि उनके समीकरण दिये हों :** सरल रेखायें $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ एव $a_2x + b_2y + c_2 = 0$ के मध्य कोण $\theta$ हो, तब $\tan\theta = \left|\frac{a_2b_1 - a_1b_2}{a_1a_2 + b_1b_2}\right|$.

(2) **दो रेखाओं के संपाती, समान्तर, लम्बवत् अथवा प्रतिच्छेदी होने का प्रतिबन्धः** दो रेखायें $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ तथा $a_2x + b_2y + c_2 = 0$ हैं।

(a) संपाती, यदि $\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} = \frac{c_1}{c_2}$

(b) समान्तर, यदि $\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} \neq \frac{c_1}{c_2}$

(c) प्रतिच्छेदी, यदि $\frac{a_1}{a_2} \neq \frac{b_1}{b_2}$

(d) लम्बवत्, यदि $a_1a_2 + b_1b_2 = 0$

## दी हुई रेखा से दिया हुआ कोण बनाने वाली एवं दिये हुए बिन्दु से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण
**(Equation of straight line through a given point making a given angle with a given line)**

बिन्दु $(x_1, y_1)$ से होकर जाने वाली उन दो सरल रेखाओं के समीकरण, जो एक दी हुई सरल रेखा $y = mx + c$ के साथ $\alpha$ कोण बनाती हैं, $y - y_1 = \frac{m \pm \tan\alpha}{1 \mp m\tan\alpha}(x - x_1)$ होंगे।

## दो रेखाओं के बीच के कोणों के अर्द्धकों के समीकरण (Equations of the bisectors of the angles between two straight lines)

रेखाओं $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ एवं $a_2x + b_2y + c_2 = 0$ के बीच के कोणों के अर्द्धकों के समीकरण हैं,

$$\frac{a_1x + b_1y + c_1}{\sqrt{a_1^2 + b_1^2}} = \pm \frac{a_2x + b_2y + c_2}{\sqrt{a_2^2 + b_2^2}} \quad .....(i)$$

**कोणार्धक, जिसमें मूल बिन्दु स्थित हो, के ज्ञात करने की विधि :** माना दो रेखाओं के समीकरण $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ तथा $a_2x + b_2y + c_2 = 0$ हैं। कोणार्धक, जिसमें मूलबिन्दु शामिल है, को ज्ञात करने की विधि निम्न है:

**Step I :** यदि समीकरणों में $c_1$ तथा $c_2$ ऋणात्मक हों, तो सबसे पहले $c_1$ तथा $c_2$ को धनात्मक बनाते हैं।

**Step II :** अब धनात्मक चिन्ह् के संगत अर्द्धक का समीकरण, अर्थात् $\frac{a_1x + b_1y + c_1}{\sqrt{a_1^2 + b_1^2}} = \frac{a_2x + b_2y + c_2}{\sqrt{a_2^2 + b_2^2}}$ ज्ञात करते हैं।

यह अभीष्ट कोणार्धक है, जिसमें मूल बिन्दु स्थित है।

कोण का अर्द्धक जिसमें मूल बिन्दु स्थित हो, से तात्पर्य है रेखाओं के मध्य उस कोण का अर्धक जिसमें कि मूल बिन्दु स्थित हो।

(1) **न्यून कोण तथा अधिक कोण के अर्द्धकों के समीकरण ज्ञात करने की विधि :** माना दी गयी रेखाओं में से (समी. (i) से) एक कोणार्धक के बीच कोण $\theta$ है। यदि $|\tan\theta| < 1$ हो, तो यह कोणार्धक न्यून कोण का अर्द्धक होगा एवं दूसरा कोणार्धक अधिक कोण का अर्द्धक होगा।

यदि $|\tan\theta| > 1$ हो, तो यह कोणार्धक अधिक कोण का अर्द्धक होगा एवं दूसरा कोणार्धक न्यून कोण का अर्द्धक होगा।

(2) **न्यून कोणार्धक एवं अधिक कोणार्धक ज्ञात करने की विधि**

(i) यदि अचर पद ऋणात्मक है, तो इसे धनात्मक बनाते हैं।

(ii) व्यंजक $a_1a_2 + b_1b_2$ का चिन्ह् ज्ञात करते हैं।

(iii) यदि $a_1a_2 + b_1b_2 > 0$ हो, तो धनात्मक चिन्ह् के संगत कोणार्धक अधिक कोण का अर्द्धक तथा ऋणात्मक चिन्ह् के संगत कोणार्धक न्यून कोण का अर्द्धक होगा।

(iv) यदि $a_1a_2 + b_1b_2 < 0$ हो, तो धनात्मक चिन्ह् के संगत कोणार्धक न्यून कोण का अर्द्धक तथा ऋणात्मक चिन्ह् के संगत कोणार्धक अधिक कोण का अर्द्धक होगा।




- दोनों कोणार्धक एक-दूसरे के लम्बवत् होते हैं।
- यदि $a_1a_2 + b_1b_2 > 0$, तो मूल बिन्दु अधिक कोण में स्थित होता है एवं यदि $a_1a_2 + b_1b_2 < 0$ तो मूल बिन्दु न्यून कोण में स्थित होता है।

## लम्ब की लंबाई (Length of perpendicular)

(1) **किसी रेखा से एक बिन्दु की दूरी** (Distance of a point from a line) **:** बिन्दु $(x_1, y_1)$ से रेखा $ax + by + c = 0$ पर डाले गये लम्ब की लम्बाई $p$ हो, तो $p = \frac{|ax_1 + by_1 + c|}{\sqrt{a^2 + b^2}}$

- मूल बिन्दु से रेखा $ax + by + c = 0$ पर डाले गये लम्ब की लम्बाई $= \left|\frac{c}{\sqrt{a^2 + b^2}}\right|$.
- बिन्दु $(x_1, y_1)$ से रेखा $x\cos\alpha + y\sin\alpha = p$ पर डाले गये लम्ब की लम्बाई $= |x_1\cos\alpha + y_1\sin\alpha - p|$.

(2) **दो समान्तर रेखाओं के मध्य दूरी** (Distance between two parallel lines) **:** माना दो समान्तर रेखाएँ $ax + by + c_1 = 0$ एवं $ax + by + c_2 = 0$ हैं।

**प्रथम विधि :** रेखाओं के मध्य दूरी $d$ है, तो $d = \frac{|c_1 - c_2|}{\sqrt{(a^2 + b^2)}}$.




**द्वितीय विधि :** रेखाओं के मध्य दूरी $d = \frac{\lambda}{\sqrt{(a^2 + b^2)}}$, जहाँ




(i) $\lambda = |c_1 - c_2|$, यदि रेखाएँ मूल बिन्दु के एक ओर हों।

(ii) $\lambda = |c_1| + |c_2|$, यदि मूल बिन्दु रेखाओं के मध्य स्थित हो।

**तृतीय विधि :** दी गयी रेखा पर किसी बिन्दु के निर्देशांक ज्ञात करने के लिए $x = 0$ या $y = 0$ रखते हैं। तब इस बिन्दु से दूसरी रेखा की लम्बवत् दूरी दोनों रेखाओं के मध्य अभीष्ट दूरी होती है।




- दो समान्तर रेखाओं $ax + by + c_1 = 0$ एवं $kax + kby + c_2 = 0$ के मध्य दूरी $= \frac{\left|c_1 - \frac{c_2}{k}\right|}{\sqrt{a^2 + b^2}}$.
- दो असमान्तर (प्रतिच्छेदी) रेखाओं के मध्य दूरी सदैव शून्य होती है।

## किसी रेखा के सापेक्ष एक बिन्दु की स्थिति
**(Position of a point with respect to a line)**

माना दी गयी रेखा $ax + by + c = 0$ है तथा प्रेक्षित बिन्दु $(x_1, y_1)$ हो, तब

(i) यदि रेखा के समीकरण में $x = x_1, y = y_1$ एवं $x = 0$, $y = 0$ रखने पर समान चिन्ह् प्राप्त होते हैं, तो बिन्दु $(x_1, y_1)$ मूल बिन्दु के एक ओर स्थित होता है।

(ii) यदि रेखा के समीकरण में $x = x_1$, $y = y_1$ एवं $x = 0$, $y = 0$ रखने पर विपरीत चिन्ह् प्राप्त होते हैं, तो बिन्दु $(x_1, y_1)$ मूल बिन्दु के विपरीत ओर स्थित होता है।

## रेखा के सापेक्ष दो बिन्दुओं की स्थिति
**(Position of two points with respect to a line)**

दो बिन्दु $(x_1, y_1)$ और $(x_2, y_2)$ सरल रेखा $ax + by + c = 0$ के एक ही ओर या विपरीत ओर स्थित होंगे, यदि $ax_1 + by_1 + c$ एवं $ax_2 + by_2 + c$ के मान क्रमशः समान चिन्ह् या विपरीत चिन्ह् के हों।

## संगामी रेखायें (Concurrent lines)

तीन या तीन से अधिक रेखायें संगामी रेखायें होंगी, यदि वे एक बिन्दु पर मिलती हैं।

**प्रथम विधि :** किन्ही दो रेखाओं का प्रतिच्छेद बिन्दु ज्ञात करते हैं। यदि यह तीसरी रेखा पर भी हो, तो रेखायें संगामी होंगी।

**द्वितीय विधि :**

तीन रेखाएँ $a_1x + b_1y + c_1 = 0$, $a_2x + b_2y + c_2 = 0$ एवं $a_3x + b_3y + c_3 = 0$ संगामी होंगी, यदि $\begin{vmatrix} a_1 & b_1 & c_1 \\ a_2 & b_2 & c_2 \\ a_3 & b_3 & c_3 \end{vmatrix} = 0$.

**तृतीय विधि :** रेखाओं $P = 0$, $Q = 0$ एवं $R = 0$ के संगामी होने के लिए प्रतिबन्ध है कि तीन अचर *a, b, c* (सभी शून्य नहीं) इस प्रकार विद्यमान हों, कि $aP + bQ + cR = 0$.

## सतह पर परावर्तन (Reflection on the surface)

यहाँ, *IP* = आपतित किरण

*PN* = सतह पर अभिलम्ब

*PR* = परावर्तित किरण

तब, $\angle IPN = \angle NPR$

आपतित कोण = परावर्तित कोण




## विभिन्न स्थितियों में बिन्दु का प्रतिबिम्ब (Image of a point in different cases)

(1) **किसी रेखा के सापेक्ष एक बिन्दु का प्रतिबिम्ब :** रेखा $ax + by + c = 0$ के सापेक्ष बिन्दु $A(x_1, y_1)$ का प्रतिबिम्ब $B(h, k)$ हो, तो

$$\frac{h - x_1}{a} = \frac{k - y_1}{b} = \frac{-2(ax_1 + by_1 + c)}{a^2 + b^2}$$




(2) ***x*-अक्ष के सापेक्ष किसी बिन्दु का प्रतिबिम्ब :** माना $P(x, y)$ कोई बिन्दु है एवं $P'(x', y')$, *x*-अक्ष में परावर्तन के पश्चात् प्रतिबिम्ब है, तो

$x' = x$

$y' = -y$, ($\because$ $O'$, *P* और $P'$ का मध्य बिन्दु है)




(3) ***y*-अक्ष के सापेक्ष किसी बिन्दु का प्रतिबिम्बः** माना $P(x, y)$ कोई बिन्दु है एवं $P'(x', y')$, *y*-अक्ष में परावर्तन के पश्चात् प्रतिबिम्ब है,

तो $x' = -x$

$y' = y$, ($\because$ $O'$, *P* और $P'$ का मध्य बिन्दु है)




(4) **मूल बिन्दु के सापेक्ष किसी बिन्दु का प्रतिबिम्ब :** माना $P(x, y)$ कोई बिन्दु है एवं बिन्दु $P'(x', y')$, मूल बिन्दु से परावर्तन के पश्चात् प्रतिबिम्ब हो, तो $x' = -x$

$y' = -y$, ($\because$ $O$, *P* और $P'$ का मध्य बिन्दु है)




(5) **रेखा $y = x$ के सापेक्ष किसी बिन्दु का प्रतिबिम्बः** माना $P(x, y)$ कोई बिन्दु है एवं बिन्दु $P'(x', y')$, रेखा $y = x$ में परावर्तन के पश्चात् प्रतिबिम्ब है, तो $x' = y$

$y' = x$, ($\because$ $O'$, *P* और $P'$ का मध्य बिन्दु है)




(6) **रेखा $y = x \tan\theta$ के सापेक्ष किसी बिन्दु का प्रतिबिम्ब :** माना $P(x, y)$ कोई बिन्दु है, एवं बिन्दु $P'(x', y')$, रेखा $y = x\tan\theta$ में परावर्तन के पश्चात् प्रतिबिम्ब है, तो

$x' = x\cos 2\theta + y\sin 2\theta$

$y' = x\sin 2\theta - y\cos 2\theta$, ($\because$ $O'$, *P* और $P'$ का मध्य बिन्दु है)




## Tips & Tricks

- यदि तीन बिन्दु *A, B, C* समरेखीय हों, तो *AB* की प्रवणता = *BC* की प्रवणता = *AC* की प्रवणता.

✍ $x$-अक्ष का समीकरण $\Rightarrow y = 0$; $x$-अक्ष के समान्तर (या $y$-अक्ष के लम्बवत्) रेखा का समीकरण, जिसकी $x$-अक्ष से दूरी '$b$' है $\Rightarrow y = b$.

✍ $y$-अक्ष का समीकरण $\Rightarrow x = 0$; $y$-अक्ष के समान्तर (या $x$-अक्ष के लम्बवत्) रेखा का समीकरण, जिसकी $y$-अक्ष से दूरी '$a$' है $\Rightarrow x = a$.

✍ रेखाओं $y = m_1x + c_1$, $y = m_2x + c_2, y = m_3x + c_3$ से निर्मित त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}\left|\sum \frac{(c_1 - c_2)^2}{m_1 - m_2}\right|$.

✍ रेखा $ax + by + c = 0$ तथा निर्देशांक-अक्षों से निर्मित त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \frac{c^2}{2|ab|}$.

✍ रेखाओं $ax \pm by \pm c = 0$ से निर्मित समचतुर्भुज का क्षेत्रफल $= \left|\frac{2c^2}{ab}\right|$.

✍ रेखाओं $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ ; $a_2x + b_2y + c_2 = 0$, $a_1x + b_1y + d_1 = 0$ एवं $a_2x + b_2y + d_2 = 0$ से निर्मित समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल $= \left|\frac{(d_1 - c_1)(d_2 - c_2)}{a_1b_2 - a_2b_1}\right|$.

✍ रेखा $ax + by + c = 0$ पर बिन्दु $(x_1, y_1)$ से खींचे गये लम्ब के लम्ब-पाद के निर्देशांक $(h, k)$ हों, तो $\frac{h - x_1}{a} = \frac{k - y_1}{b} = \frac{-(ax_1 + by_1 + c)}{a^2 + b^2}$. अतः लम्बपाद के निर्देशांक $= \left(\frac{b^2x_1 - aby_1 - ac}{a^2 + b^2}, \frac{a^2y_1 - abx_1 - bc}{a^2 + b^2}\right)$ होंगे।

✍ समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल, $A = \frac{p_1p_2}{\sin\theta}$, जहाँ $p_1$ एवं $p_2$ समान्तर भुजाओं के मध्य दूरियाँ एवं $\theta$ दो आसन्न भुजाओं के मध्य कोण है।

✍ यदि अक्षों के मध्य किसी रेखा का कटा भाग $(x_1, y_1)$ पर समद्विभाजित होता हो, तब रेखा का समीकरण $\frac{x}{x_1} + \frac{y}{y_1} = 2$ होगा।

✍ यदि एक सरल रेखा, निर्देशांक्षों के साथ एक त्रिभुज बनाती है, जिसका केन्द्रक $(x_1, y_1)$ है, तब सरल रेखा का समीकरण $\frac{x}{3x_1} + \frac{y}{3y_1} = 1$ होगा।

## Ordinary Thinking

### Objective Questions

## रेखा की प्रवणता, रेखा के समीकरण के विभिन्न रूप

1. निर्देशांक अक्षों से बराबर लम्बाई के अन्तःखण्ड काटने वाली एक रेखा की प्रवणता है **[MP PET 1986]**
   (a) – 1 (b) 0
   (c) 2 (d) $\sqrt{3}$

2. यदि बिन्दुओं $A$ तथा $B$ के निर्देशांक क्रमशः (3, 3) तथा (7, 6) हों, तो रेखा $AB$ के अक्षों के बीच कटे भाग की लम्बाई होगी
   (a) $\frac{5}{4}$ (b) $\frac{\sqrt{10}}{4}$
   (c) $\frac{\sqrt{13}}{3}$ (d) इनमें से कोई नहीं

3. यदि रेखाएँ $2x + 3y = 5$ तथा $y = mx + c$ समान्तर हों, तो
   (a) $m = 2/3, c = 5$
   (b) $m = -2/3, c = 5$
   (c) $m = -2/3, c =$ कोई वास्तविक संख्या
   (d) इनमें से कोई नहीं

4. रेखा $(3x - y + 5) + \lambda(2x - 3y - 4) = 0$, $y$-अक्ष के समान्तर होगी, यदि $\lambda =$
   (a) $\frac{1}{3}$ (b) $\frac{-1}{3}$
   (c) $\frac{3}{2}$ (d) $\frac{-3}{2}$

5. यदि रेखा $y = m_rx$; $r = 1, 2, 3$ एक अन्य रेखा $x + y = 1$ पर बराबर अन्तःखण्ड काटती है, तो $1 + m_1$, $1 + m_2$ एवं $1 + m_3$ होंगे
   (a) स.श्रे. में (b) गु.श्रे. में
   (c) ह.श्रे. में (d) इनमें से कोई नहीं

6. वक्र $y = x^2 + 2x$ पर स्थित बिन्दु, जिनके भुज 1 एवं 3 हैं, को मिलाने वाली रेखा की प्रवणता है **[MP PET 1997]**
   (a) 6 (b) 5
   (c) 4 (d) 3

7. दो सरल रेखाओं के समान्तर होने का प्रतिबन्ध, जबकि एक सरल रेखा $ax + by + c = 0$ है तथा दूसरी सरल रेखा का प्राचल रूप $x = \alpha t + \beta$, $y = \gamma t + \delta$ द्वारा प्रदर्शित है, है **[AMU 2000]**
   (a) $a\gamma - b\alpha = 0$, $\beta = \delta = c = 0$
   (b) $a\alpha - b\gamma = 0$, $\beta = \delta = 0$
   (c) $a\alpha + b\gamma = 0$
   (d) $a\gamma = b\alpha = 0$

8. बिन्दु (1, – 2) से जाने वाली तथा दोनों अक्षों से बराबर अन्तःखण्ड काटने वाली रेखा का समीकरण है **[MNR 1978]**
   (a) $x + y = 1$ (b) $x - y = 1$
   (c) $x + y + 1 = 0$ (d) $x - y - 2 = 0$

**9.** उन रेखाओं के समीकरण, जो $y$-अक्ष से –1 इकाई का अन्तःखण्ड काटती हैं तथा अक्षों से बराबर कोण बनाती हैं, हैं

(a) $x-y+1=0,\ x+y+1=0$

(b) $x-y-1=0,\ x+y-1=0$

(c) $x-y-1=0,\ x+y+1=0$

(d) इनमें से कोई नहीं

**10.** एक रेखा $L$, रेखा $5x-y=1$ के लम्बवत् है तथा रेखा $L$ व निर्देशांक अक्षों से बने त्रिभुज का क्षेत्रफल 5 है। रेखा $L$ का समीकरण है [IIT 1980; RPET 1997]

(a) $x+5y=5$ (b) $x+5y=\pm5\sqrt{2}$

(c) $x-5y=5$ (d) $x-5y=5\sqrt{2}$

**11.** उस रेखा का समीकरण, जिसकी प्रवणता 3 है तथा जो धनात्मक $x$–अक्ष से 3 लम्बाई का अन्तःखण्ड काटती है, है

(a) $y=3x-9$ (b) $y=3x+3$

(c) $y=3x+9$ (d) इनमें से कोई नहीं

**12.** यदि बिन्दुओं $A, B, C, D$ के निर्देशांक क्रमशः $(a,b)$, $(a',b')$, $(-a,b)$ तथा $(a',-b')$ हों, तो रेखाखण्डों $AB$ तथा $CD$ को समद्विभाजित करने वाली रेखा का समीकरण है

(a) $2a'y-2bx=ab-a'b'$ (b) $2ay-2b'x=ab-a'b'$

(c) $2ay-2b'x=a'b-ab'$ (d) इनमें से कोई नहीं

**13.** बिन्दु (3, 2) से गुजरने वाली तथा रेखा $y=x$ के लम्बवत् रेखा का समीकरण है [MNR 1979]

(a) $x-y=5$ (b) $x+y=5$

(c) $x+y=1$ (d) $x-y=1$

**14.** यदि बिन्दुओं $A$ तथा $B$ के निर्देशांक (1, 1) तथा (5, 7) हों, तो रेखाखण्ड $AB$ को लम्बवत् समद्विभाजित करने वाली रेखा का समीकरण है

(a) $2x+3y=18$ (b) $2x-3y+18=0$

(c) $2x+3y-1=0$ (d) $3x-2y+1=0$

**15.** यदि बिन्दुओं $A, B, C$ के निर्देशांक क्रमशः (– 1, 5), (0, 0) तथा (2, 2) हों और $D$, बिन्दु $BC$ का मध्य बिन्दु हो, तो बिन्दु $B$ से रेखा $AD$ पर डाले गये लम्ब का समीकरण है

(a) $x+2y=0$ (b) $2x+y=0$

(c) $x-2y=0$ (d) $2x-y=0$

**16.** बिन्दु $(x',y')$ से गुजरने वाली तथा रेखा $yy'=2a(x+x')$ के लम्बवत् रेखा का समीकरण है

(a) $xy'+2ay+2ay'-x'y'=0$

(b) $xy'+2ay-2ay'-x'y'=0$

(c) $xy'+2ay+2ay'+x'y'=0$

(d) $xy'+2ay-2ay'+x'y'=0$

**17.** यदि त्रिभुज $ABC$ की भुजाओं $BC, CA$ तथा $AB$ के मध्य बिन्दु क्रमशः (1, 3), (5, 7) तथा (– 5, 7) हों, तो भुजा $AB$ का समीकरण होगा

(a) $x-y-2=0$ (b) $x-y+12=0$

(c) $x+y-12=0$ (d) इनमें से कोई नहीं

**18.** यदि त्रिभुज $ABC$ के शीर्षों के निर्देशांक क्रमशः (– 1, 6), (– 3,– 9), तथा (5, – 8) हों तो $C$ से गुजरने वाली माध्यिका का समीकरण होगा

(a) $13x-14y-47=0$ (b) $13x-14y+47=0$

(c) $13x+14y+47=0$ (d) $13x+14y-47=0$

**19.** रेखा $\frac{x}{a}-\frac{y}{b}=1$ के लम्बवत् तथा उस बिन्दु पर जहाँ यह रेखा $x$–अक्ष को काटती है, से गुजरने वाली रेखा का समीकरण है [RPET 1996; Kerala (Engg.) 2002]

(a) $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}+\frac{a}{b}=0$ (b) $\frac{x}{b}+\frac{y}{a}=\frac{b}{a}$

(c) $\frac{x}{b}+\frac{y}{a}=0$ (d) $\frac{x}{b}+\frac{y}{a}=\frac{a}{b}$

**20.** बिन्दु (1, 2) से गुजरने वाली तथा रेखा $x+y+1=0$ के लम्बवत् रेखा का समीकरण है [MNR 1981]

(a) $y-x+1=0$ (b) $y-x-1=0$

(c) $y-x+2=0$ (d) $y-x-2=0$

**21.** एक रेखा बिन्दु (3, 4) से गुजरती है तथा उसके द्वारा अक्षों से काटे गये अन्तःखण्डों का योग 14 है। रेखा का समीकरण है

(a) $4x-3y=24$ (b) $4x+3y=24$

(c) $3x-4y=24$ (d) $3x+4y=24$

**22.** बिन्दुओं $(a, b)$ तथा $(a',b')$ को मिलाने वाले रेखाखण्ड को लम्ब समद्विभाजित करने वाली रेखा का समीकरण है

(a) $2(a-a')x+2(b-b')y=a^2+b^2-a'^2-b'^2$

(b) $(a-a')x+(b-b')y=a^2+b^2-a'^2-b'^2$

(c) $2(a-a')x+2(b-b')y=a'^2+b'^2-a^2-b^2$

(d) इनमें से कोई नहीं

**23.** उन रेखाओं के समीकरण, जो मूल बिन्दु से गुजरती है तथा रेखा $y=mx+c$ से कोण $\tan^{-1}m$ पर झुकी हो, हैं

(a) $x=0,\ 2mx+(m^2-1)y=0$

(b) $y=0,\ 2mx+(m^2-1)y=0$

(c) $y=0,\ 2mx+(1-m^2)y=0$

(d) इनमें से कोई नहीं

**24.** एक रेखा $x$–अक्ष तथा $y$-अक्ष को क्रमशः बिन्दुओं $A$ तथा $B$ पर मिलती है। यदि $AB$ का मध्य बिन्दु $(x_1,y_1)$ हो, तो रेखा का समीकरण है

(a) $y_1x+x_1y=2x_1y_1$ (b) $x_1x+y_1y=2x_1y_1$

(c) $y_1x+x_1y=x_1y_1$ (d) $x_1x+y_1y=x_1y_1$

**25.** रेखा $2x-3y=1$ के समान्तर और बिन्दुओं (1, 3) तथा (1,– 7) को मिलाने वाले रेखाखण्ड के मध्य बिन्दु से जाने वाली रेखा का समीकरण है

(a) $2x-3y+8=0$ (b) $2x-3y=8$

(c) $2x-3y+4=0$ (d) $2x-3y=4$

**26.** उन रेखाओं, जो बिन्दु (3, –2) से गुजरती हैं तथा रेखा $\sqrt{3}x+y=1$ से $60^o$ के कोण पर झुकी हैं, के समीकरण हैं [IIT 1974; MP PET 1996]

(a) $y+2=0,\ \sqrt{3}x-y-2-3\sqrt{3}=0$

(b) $x-2=0,\ \sqrt{3}x-y+2+3\sqrt{3}=0$

(c) $\sqrt{3}x-y-2-3\sqrt{3}=0$

(d) इनमें से कोई नहीं

27. बिन्दु (1,0) से होकर जाने वाली उन रेखाओं के समीकरण, जिनकी मूल बिन्दु से दूरी $\frac{\sqrt{3}}{2}$ है, हैं

(a) $\sqrt{3}x + y - \sqrt{3} = 0,\ \sqrt{3}x - y - \sqrt{3} = 0$

(b) $\sqrt{3}x + y + \sqrt{3} = 0,\ \sqrt{3}x - y + \sqrt{3} = 0$

(c) $x + \sqrt{3}y - \sqrt{3} = 0,\ x - \sqrt{3}y - \sqrt{3} = 0$

(d) इनमें से कोई नहीं

28. $(-3, 2)$ से गुजरने वाली एवं अक्षों से बराबर परन्तु विपरीत चिन्हों के अन्तःखण्ड काटने वाली रेखा का समीकरण है [RPET 1984; MP PET 1993]

(a) $x - y + 5 = 0$ (b) $x + y - 5 = 0$

(c) $x - y - 5 = 0$ (d) $x + y + 5 = 0$

29. रेखाओं $x + 5y + 7 = 0$, $3x + 2y - 5 = 0$ के प्रतिच्छेद बिन्दु से होकर जाने वाली तथा रेखा $7x + 2y - 5 = 0$ पर लम्ब रेखा का समीकरण है [RPET 1987; MP PET 1993; Pb. CET 2000]

(a) $2x - 7y - 20 = 0$ (b) $2x + 7y - 20 = 0$

(c) $-2x + 7y - 20 = 0$ (d) $2x + 7y + 20 = 0$

30. एक रेखा, जो $2x + y = 5$ व $x + 3y + 8 = 0$ के प्रतिच्छेद बिन्दु से होकर गुजरती है एवं रेखा $3x + 4y = 7$ के समान्तर है, का समीकरण है [RPET 1984; MP PET 1991]

(a) $3x + 4y + 3 = 0$ (b) $3x + 4y = 0$

(c) $4x - 3y + 3 = 0$ (d) $4x - 3y = 3$

31. मूलबिन्दु को बिन्दु (– 4, 5) से मिलाने वाली रेखा का समीकरण है [MP PET 1984]

(a) $5x + 4y = 0$ (b) $3x + 4y = 2$

(c) $5x - 4y = 0$ (d) $4x - 5y = 0$

32. उस रेखा का समीकरण, जो *OX* पर 3 इकाई का एवं *OY* पर – 2 इकाई का अन्तःखण्ड काटती है, है [MP PET 1984]

(a) $\frac{x}{3} - \frac{y}{2} = 1$ (b) $\frac{x}{3} + \frac{y}{2} = 1$

(c) $\frac{x}{2} + \frac{y}{3} = 1$ (d) $\frac{x}{2} - \frac{y}{3} = 1$

33. बिन्दु $(3, -4)$ से होकर जाने वाली एवं रेखा $3x + 4y = 5$ पर लम्ब रेखा का समीकरण है [RPET 1981, 84, 86; MP PET 1984]

(a) $4x + 3y = 24$ (b) $y - 4 = (x + 3)$

(c) $3y - 4x = 24$ (d) $y + 4 = \frac{4}{3}(x - 3)$

34. बिन्दु (1, 2) से गुजरने वाली एवं $y = 3x - 1$ के समान्तर रेखा का समीकरण है [MP PET 1984]

(a) $y + 2 = x + 1$ (b) $y + 2 = 3(x + 1)$

(c) $y - 2 = 3(x - 1)$ (d) $y - 2 = x - 1$

35. (–1,1) से गुजरने वाली एवं $2x + 3y + 4 = 0$ पर लम्ब रेखा का समीकरण है [MP PET 1984]

(a) $2(y - 1) = 3(x + 1)$ (b) $3(y - 1) = -2(x + 1)$

(c) $y - 1 = 2(x + 1)$ (d) $3(y - 1) = x + 1$

36. रेखाओं $x = 0$ तथा $y = 0$ के प्रतिच्छेद बिन्दु से एवं बिन्दु (2, 2) से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण है [MP PET 1984]

(a) $y = x - 1$ (b) $y = -x$

(c) $y = x$ (d) $y = -x + 2$

37. बिन्दुओं (*a*, 0) व (– *a*, 0) को मिलाने वाली रेखा पर लम्ब एवं मूल बिन्दु से गुजरने वाली रेखा का समीकरण है [MP PET 1984]

(a) $y = 0$ (b) $x = 0$

(c) $x = -a$ (d) $y = -a$

38. किसी सरल रेखा को दर्शाने के लिए कितने ज्यामितीय प्राचलों की आवश्यकता होती है [MP PET 1982]

(a) 1 (b) 2

(c) 4 (d) 3

39. बिन्दु *A* (1, 3) व *C* (5, 1) किसी आयत के विपरीत शीर्ष हैं। अन्य दो शीर्षों से होकर जाने वाली एवं प्रवणता '2' की रेखा का समीकरण है [RPET 1991]

(a) $2x + y - 8 = 0$ (b) $2x - y - 4 = 0$

(c) $2x - y + 4 = 0$ (d) $2x + y + 7 = 0$

40. किसी रेखा द्वारा *y*–अक्ष पर काटा गया अन्तःखण्ड *x*–अक्ष पर काटे गये अन्तःखण्ड से दुगना है। यदि रेखा (1, 2) से गुजरती है, तो उसका समीकरण होगा [AMU 1972; RPET 1985]

(a) $2x + y = 4$ (b) $2x + y + 4 = 0$

(c) $2x - y = 4$ (d) $2x - y + 4 = 0$

41. दो बिन्दुओं (2, – 19) व (6, 1) से होकर जाने वाली रेखा को समद्विभाजित करने वाली एवं बिन्दुओं (–1, 3) तथा (5, –1) से होकर जाने वाली रेखा पर लम्ब रेखा का समीकरण है [RPET 1987]

(a) $3x - 2y = 30$ (b) $2x - y - 3 = 0$

(c) $2x + 3y = 20$ (d) इनमें से कोई नहीं

42. उस रेखा का समीकरण, जिसका अक्षों के मध्य के किसी भाग में मध्य बिन्दु $(x_1, y_1)$ है, है [RPET 1988]

(a) $\frac{x}{x_1} + \frac{y}{y_1} = 2$ (b) $\frac{x}{x_1} + \frac{y}{y_1} = \frac{1}{2}$

(c) $\frac{x}{x_1} + \frac{y}{y_1} = 1$ (d) इनमें से कोई नहीं

43. बिन्दु (*c*, *d*) से गुजरने वाली एवं $ax + by + c = 0$ के समान्तर रेखा का समीकरण है [RPET 1987]

(a) $a(x + c) + b(y + d) = 0$ (b) $a(x + c) - b(y + d) = 0$

(c) $a(x - c) + b(y - d) = 0$ (d) इनमें से कोई नहीं

44. रेखाओं $3x - 2y - 1 = 0$ व $x - 4y + 3 = 0$ के प्रतिच्छेद बिन्दु एवं बिन्दु $(\pi, 0)$ से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण है [RPET 1987]

(a) $x - y = \pi$ (b) $x - y = \pi(y + 1)$

(c) $x - y = \pi(1 - y)$ (d) $x + y = \pi(1 - y)$

45. बिन्दु $(a, b)$ से होकर जाने वाली एवं रेखा $ax + by + c = 0$ पर लम्ब रेखा का समीकरण है [RPET 1988; MP PET 1995]

(a) $bx - ay + (a^2 - b^2) = 0$ (b) $bx - ay - (a^2 - b^2) = 0$

(c) $bx - ay = 0$ (d) इनमें से कोई नहीं

46. रेखाओं $4x - 3y - 1 = 0$ व $5x - 2y - 3 = 0$ के प्रतिच्छेद बिन्दुओं से होकर जाने वाली एवं रेखा $2y - 3x + 2 = 0$ के समान्तर रेखा का समीकरण है [RPET 1985, 86, 88]

(a) $x - 3y = 1$ (b) $3x - 2y = 1$

(c) $2x - 3y = 1$ (d) $2x - y = 1$

47. बिन्दु (4, – 6) से गुजरने वाली एवं धनात्मक *x*–अक्ष के साथ $45^o$ का कोण बनाने वाली रेखा का समीकरण है [RPET 1984]

(a) $x - y - 10 = 0$ (b) $x - 2y - 16 = 0$

(c) $x - 3y - 22 = 0$ (d) इनमें से कोई नहीं

**48.** बिन्दु $(a, b)$ से गुजरने वाली एवं रेखा $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=1$ के समान्तर रेखा का समीकरण है [RPET 1986, 95]

(a) $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=3$ (b) $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=2$

(c) $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=0$ (d) $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}+2=0$

**49.** 4 बजने पर घंटे की सुई का समीकरण है

(a) $x-\sqrt{3}\,y=0$ (b) $\sqrt{3}\,x-y=0$

(c) $x+\sqrt{3}\,y=0$ (d) $\sqrt{3}\,x+y=0$

**50.** उस रेखा का समीकरण, जो $x$-अक्ष के साथ $120^o$ का कोण बनाती है एवं जिस पर मूल बिन्दु से डाले गये लम्ब की लम्बाई 4 इकाई है, है [MNR 1986]

(a) $x\sqrt{3}+y+8=0$ (b) $x\sqrt{3}-y=8$

(c) $x\sqrt{3}-y=8$ (d) $x-\sqrt{3}\,y+8=0$

**51.** रेखाओं $x+2y-10=0$ व $2x+y+5=0$ के प्रतिच्छेद बिन्दुओं से गुजरने वाली रेखा का समीकरण है [IIT 1983]

(a) $5x-4y=0$ (b) $5x+4y=0$

(c) $4x-5y=0$ (d) $4x+5y=0$

**52.** बिन्दु $(a\cos^3\theta, a\sin^3\theta)$ से गुजरने वाली एवं रेखा $x\sec\theta+y\,\text{cosec}\,\theta=a$ पर लम्ब रेखा का समीकरण है [AMU 1975]

(a) $x\cos\theta-y\sin\theta=a\cos 2\theta$

(b) $x\cos\theta+y\sin\theta=a\cos 2\theta$

(c) $x\sin\theta+y\cos\theta=a\cos 2\theta$

(d) इनमें से कोई नहीं

**53.** बिन्दुओं (7, 4) व (– 1, – 2) को मिलाने वाले रेखाखण्ड के लम्ब समद्विभाजक का समीकरण है [AMU 1979]

(a) $4x-3y=15$ (b) $3x+4y=15$

(c) $4x+3y=15$ (d) इनमें से कोई नहीं

**54.** उन दो सरल रेखाओं के समीकरण, जो (3, 2) से होकर जाती हैं एवं रेखा $x-2y=3$ के साथ $45^o$ का कोण बनाती हैं, हैं [AMU 1978]

(a) $3x+y+7=0$ व $x+3y+9=0$

(b) $3x-y-7=0$ व $x+3y-9=0$

(c) $x+3y-7=0$ व $x+3y-9=0$

(d) इनमें से कोई नहीं

**55.** रेखाओं $4x-3y-1=0$ व $2x-5y+3=0$ के प्रतिच्छेद बिन्दुओं से होकर जाने वाली रेखाओं के समीकरण, जो अक्षों से बराबर कोण पर झुकी हुई हैं, हैं [AMU 1981]

(a) $y\pm x=0$ (b) $y-1=\pm 1(x-1)$

(c) $x-1=\pm 2(y-1)$ (d) इनमें से कोई नहीं

**56.** उन दो रेखाओं के समीकरण, जो $(0, a)$ से गुजरती हैं एवं बिन्दु $(2a, 2a)$ से '$a$' दूरी पर हैं, हैं [ISM Dhanbad 1972]

(a) $y-a=0$ व $4x-3y-3a=0$

(b) $y-a=0$ व $3x-4y+3a=0$

(c) $y-a=0$ व $4x-3y+3a=0$

(d) इनमें से कोई नहीं

**57.** एक सरल रेखा इस प्रकार है, कि इसका सरल रेखाओं $5x-y-4=0$ तथा $3x+4y-4=0$ के मध्य खण्ड बिन्दु (1, 5) पर समद्विभाजित होता है, तब सरल रेखा का समीकरण है [Roorkee 1988]

(a) $83x-35y+92=0$ (b) $35x-83y+92=0$

(c) $35x+35y+92=0$ (d) इनमें से कोई नहीं

**58.** उस रेखा का समीकरण, जो $(-4, 3)$ से गुजरती है एवं इस बिन्दु द्वारा अक्षों के बीच कटा भाग 5 : 3 के अनुपात में अन्तः विभाजित होता है, है [AMU 1973; Dhanbad Engg. 1971]

(a) $9x+20y+96=0$ (b) $20x+9y+96=0$

(c) $9x-20y+96=0$ (d) इनमें से कोई नहीं

**59.** बिन्दुओं $(-5, -6)$ व (3, 10) से होकर जाने वाली सरल रेखा का समीकरण है [MNR 1974]

(a) $x-2y=4$ (b) $2x-y+4=0$

(c) $2x+y=4$ (d) इनमें से कोई नहीं

**60.** रेखाओं $x-y+1=0$ व $2x-3y+5=0$ के प्रतिच्छेद बिन्दु से होकर जाने वाली रेखाओं के समीकरण, जिनकी बिन्दु (3, 2) से दूरी $\frac{7}{5}$ है, हैं [IIT 1963]

(a) $3x-4y-6=0$ व $4x+3y+1=0$

(b) $3x-4y+6=0$ व $4x-3y-1=0$

(c) $3x-4y+6=0$ व $4x-3y+1=0$

(d) इनमें से कोई नहीं

**61.** अक्षों पर $2a\sec\theta$ तथा $2a\,\text{cosec}\,\theta$ अन्तःखण्ड काटने वाली रेखा का समीकरण है

(a) $x\sin\theta+y\cos\theta-2a=0$

(b) $x\cos\theta+y\sin\theta-2a=0$

(c) $x\sec\theta+y\,\text{cosec}\,\theta-2a=0$

(d) $x\,\text{cosec}\,\theta+y\sec\theta-2a=0$

**62.** यदि $y=mx+c$ व $x\cos\alpha+y\sin\alpha=p$ एक ही रेखा को निरूपित करती हों, तो

(a) $p=c\sqrt{1+m^2}$ (b) $c=p\sqrt{1+m^2}$

(c) $cp=\sqrt{1+m^2}$ (d) $p^2+c^2+m^2=1$

**63.** रेखाओं $5x-6y-1=0$ तथा $3x+2y+5=0$ के प्रतिच्छेद बिन्दु से होकर गुजरने वाली तथा रेखा $3x-5y+11=0$ पर लम्ब सरल रेखा का समीकरण है [MP PET 1994]

(a) $5x+3y+8=0$ (b) $3x-5y+8=0$

(c) $5x+3y+11=0$ (d) $3x-5y+11=0$

**64.** (1, 2) व (2, 5) से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण है [RPET 1995]

(a) $3x-y+1=0$ (b) $3x+y+1=0$

(c) $y-3x+1=0$ (d) $3x+y-1=0$

**65.** (1, 2) से होकर गुजरने वाली व $3x+4y+5=0$ पर लम्बवत् रेखा का समीकरण है [RPET 1995]

(a) $3y=4x-2$ (b) $3y=4x+3$

(c) $3y=4x+4$ (d) $3y=4x+2$

**66.** $2x+6y+7=0$ के समान्तर एवं अक्षों के बीच 10 इकाई लम्बाई का अन्तःखण्ड काटने वाली रेखाओं की संख्या होगी

(a) 1 (b) 2

(c) 4 (d) अनन्त

**67.** एक रेखा (2, 2) से गुजरती है एवं रेखा $3x+y=3$ पर लम्ब है, तो इसका $y$–अन्तःखण्ड होगा [IIT Screening 1992]

(a) $1/3$ (b) $2/3$

(c) 1 (d) $4/3$

**68.** एक सीधी रेखा $x$–अक्ष से $135^o$ का कोण बनाती है एवं $y$–अक्ष को मूल बिन्दु से – 5 की दूरी पर काटती है। रेखा का समीकरण है

(a) $2x+y+5=0$ (b) $x+2y+3=0$

(c) $x+y+5=0$ (d) $x+y+3=0$

**69.** बिन्दु $P$(1, 2) से होकर जाने वाली उस रेखा का समीकरण, जिसका अक्षों के मध्य कटा अन्तःखण्ड बिन्दु $P$ पर समद्विभाजित होता है, है

(a) $x+2y=5$ (b) $x-y+1=0$

(c) $x+y-3=0$ (d) $2x+y-4=0$

**70.** बिन्दु $(a, b)$ को रेखाओं $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=1$ व $\frac{x}{b}+\frac{y}{a}=1$ के प्रतिच्छेद बिन्दु से जोड़ने वाली रेखा का समीकरण है

(a) $a^2y-b^2x=ab\,(a-b)$ (b) $a^2x+b^2y=ab\,(a+b)$

(c) $a^2y+b^2x=ab$ (d) $a^2x+b^2y=ab\,(a-b)$

**71.** रेखा $x+y\sqrt{3}+3\sqrt{3}=0$ के साथ $60^o$ का कोण बनाते हुये और मूल बिन्दु से होकर जाने वाली रेखाओं का समीकरण है

(a) $y=0, x-y\sqrt{3}=0$ (b) $x=0, x-y\sqrt{3}=0$

(c) $x=0, x+y\sqrt{3}=0$ (d) $y=0, x+y\sqrt{3}=0$

**72.** बिन्दु $P\,(a, b)$ सरल रेखा $3x+2y=13$ पर तथा बिन्दु $Q\,(b, a)$ सरल रेखा $4x-y=5$ पर स्थित है, तब रेखा $PQ$ का समीकरण है [MP PET 1999]

(a) $x-y=5$ (b) $x+y=5$

(c) $x+y=-5$ (d) $x-y=-5$

**73.** उस रेखा का समीकरण, जो (1, 1) से गुजरती है और रेखा $2x+3y-7=0$ के समान्तर है, है [RPET 1996]

(a) $2x+3y-5=0$ (b) $3x+2y-5=0$

(c) $3x-2y-7=0$ (d) $2x+3y+5=0$

**74.** उस रेखा का समीकरण, जिसके द्वारा अक्षों के बीच काटा गया अंतःखण्ड बिन्दु (5, 2) द्वारा समद्विभाजित होता हो, होगा [RPET 1996]

(a) $5x+2y=20$ (b) $2x+5y=20$

(c) $5x-2y=20$ (d) $2x-5y=20$

**75.** रेखाओं $x-2y=1$ तथा $x+3y=2$ के प्रतिच्छेदन बिन्दु से जाने वाली तथा रेखा $3x+4y=0$ के समान्तर, रेखा का समीकरण है [MP PET 2000]

(a) $3x+4y+5=0$ (b) $3x+4y-10=0$

(c) $3x+4y-5=0$ (d) $3x+4y+6=0$

**76.** रेखाओं $2x-3y+4=0$ तथा $3x+4y-5=0$ के प्रतिच्छेद बिन्दु से होकर जाने वाली तथा रेखा $6x-7y+3=0$ के लम्बवत् रेखा का समीकरण है [RPET 2000]

(a) $119x+102y+125=0$ (b) $119x+102y=125$

(c) $119x-102y=125$ (d) इनमें से कोई नहीं

**77.** यदि रेखा $3x+3y+7=0$ को $x\cos\alpha+y\sin\alpha=p$ के रूप में परिवर्तित करें, तो $p$ का मान होगा [MP PET 2001]

(a) $\frac{7}{2\sqrt{3}}$ (b) $\frac{7}{3}$

(c) $\frac{3\sqrt{7}}{2}$ (d) $\frac{7}{3\sqrt{2}}$

**78.** मूलबिन्दु को रेखाओं $y-x+7=0$ तथा $y+2x-2=0$ के प्रतिच्छेद बिन्दु से [MP PET 1998] मिलाने वाली सरल रेखा का समीकरण है [MP PET 2001]

(a) $3x+4y=0$ (b) $3x-4y=0$

(c) $4x-3y=0$ (d) $4x+3y=0$

**79.** रेखा $x = c$ के लम्बवत् [EAMCET 1994] रेखा का समीकरण है [RPET 2001]

(a) $y=d$ (b) $x=d$

(c) $x=0$ (d) इनमें से कोई नहीं

**80.** एक रेखा $AB$, $x$–अक्ष तथा $y$–अक्ष से शून्य अन्तःखण्ड काटती है तथा यह एक अन्य रेखा $CD\equiv 3x+4y+6=0$ के लम्बवत् हैं, तब रेखा $AB$ का समीकरण है [Karnataka CET 2001]

(a) $y=4$ (b) $4x-3y+8=0$

(c) $4x-3y=0$ (d) $4x-3y+6=0$

**81.** उस सरल रेखा का समीकरण, जो रेखाओं $3x-y+2=0$ तथा $5x-2y+7=0$ के प्रतिच्छेद बिन्दु से गुजरती है तथा जिसकी प्रवणता अनन्त है, होगा [UPSEAT 2001]

(a) $x=2$ (b) $x+y=3$

(c) $x=3$ (d) $x=4$

**82.** रेखा $y=x$ के लम्बवत् तथा (3, 2) से होकर जाने वाली सरल रेखा का समीकरण है [MP PET 2002]

(a) $x-y=5$ (b) $x+y=5$

(c) $x+y=1$ (d) $x-y=1$

**83.** $x$-अक्ष की धनात्मक दिशा से 30° का कोण बनाने वाली तथा $y$-अक्ष की ऋणात्मक दिशा से 2 लम्बाई का अन्तःखण्ड काटने वाली सरल रेखा का समीकरण है [MP PET 2003]

(a) $y+x-\sqrt{3}=0$ (b) $y-x+2=0$

(c) $y-\sqrt{3}x-2=0$ (d) $\sqrt{3}y-x+2\sqrt{3}=0$

**84.** बिन्दु $\left(-1, \frac{\pi}{2}\right)$ से गुजरने वाली तथा रेखा $\sqrt{3}\sin\theta+2\cos\theta=\frac{4}{r}$ के लम्बवत् रेखा का समीकरण है [EAMCET 2003]

(a) $2=\sqrt{3}\,r\cos\theta-2r\sin\theta$

(b) $5=-2\sqrt{3}\,r\sin\theta+4r\cos\theta$

(c) $2=\sqrt{3}\,r\cos\theta+2r\cos\theta$

(d) $5=2\sqrt{3}\,r\sin\theta+4r\cos\theta$

**85.** उस सरल रेखा का समीकरण, जो बिन्दुओं (– 4, 6) तथा (8, 8) को मिलाने वाले रेखा खण्ड का लम्ब–समद्विभाजक है, है [Karnataka CET 2003]

(a) $6x+y-19=0$ (b) $y=7$

(c) $6x+2y-19=0$ (d) $x+2y-7=0$

**86.** उस सरल रेखा का समीकरण, जो बिन्दु (1, – 2) से गुजरती है तथा रेखा $3x-5y+7=0$ के लम्बवत् है, है [RPET 2003]

(a) $5x+3y+1=0$ (b) $3x+5y+1=0$

(c) $5x-3y-1=0$ (d) $3x-5y+1=0$

**87.** यदि रेखा $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=1$ बिन्दुओं (2, – 3) तथा (4, – 5) से गुजरती हो, तो $(a, b)$ =

(a) (1, 1) (b) (– 1, 1)
(c) (1, – 1) (d) (– 1, – 1)

**88.** यदि *A* (3, 2) से होकर जाने वाली एक रेखा की प्रवणता 3/4 हो, तो बिन्दु *A* से 5 इकाई दूरी पर स्थित रेखा के बिन्दु हैं [IIT 1965]

(a) (5, 5), (– 1, – 1) (b) (7, 5), (– 1, – 1)
(c) (5, 7), (– 1, – 1) (d) (7, 5), (1, 1)

**89.** रेखाओं $2x+5y=7$ तथा $2x-5y=9$ के लिये निम्न में से कौन सा कथन सत्य है

(a) रेखाएँ समान्तर हैं (b) रेखाएँ सम्पाती हैं
(c) रेखाएँ प्रतिच्छेदी हैं (d) रेखाएँ लम्बवत् हैं

**90.** किसी वर्ग के विपरीत शीर्ष $(3, 4)$ व $(1, -1)$ हैं, तो अन्य दो शीर्षों के निर्देशांक हैं [Roorkee 1985]

(a) $D\left(\frac{1}{2}, \frac{9}{2}\right), B\left(-\frac{1}{2}, \frac{5}{2}\right)$ (b) $D\left(\frac{1}{2}, \frac{9}{2}\right), B\left(\frac{1}{2}, \frac{5}{2}\right)$
(c) $D\left(\frac{9}{2}, \frac{1}{2}\right), B\left(-\frac{1}{2}, \frac{5}{2}\right)$ (d) इनमें से कोई नहीं

**91.** किसी समान्तर चतुर्भुज की दो आसन्न भुजायें $4x+5y=0$ व $7x+2y=0$ हैं। यदि एक विकर्ण का समीकरण $11x+7y=9$ हो, तो दूसरे विकर्ण का समीकरण है [IIT 1970]

(a) $x+2y=0$ (b) $2x+y=0$
(c) $x-y=0$ (d) इनमें से कोई नहीं

**92.** वर्ग का एक विकर्ण $8x-15y=0$ के अनुदिश है एवं इसका एक शीर्ष (1, 2) है, तो इस शीर्ष से गुजरने वाली वर्ग की भुजाओं के समीकरण हैं [IIT 1962]

(a) $23x+7y=9, 7x+23y=53$
(b) $23x-7y+9=0, 7x+23y+53=0$
(c) $23x-7y-9=0, 7x+23y-53=0$
(d) इनमें से कोई नहीं

**93.** वर्ग के विपरीत शीर्ष (1, 2) व (3, 8) हैं, तो बिन्दु (1, 2) से गुजरने वाले विकर्ण का समीकरण है [Roorkee 1981]

(a) $3x-y-1=0$ (b) $3y-x-1=0$
(c) $3x+y+1=0$ (d) इनमें से कोई नहीं

**94.** किसी समद्विबाहु त्रिभुज के आधार के दो शीर्ष $(2a, 0)$ व $(0, a)$ हैं। यदि त्रिभुज की एक भुजा $x=2a$ है, तो दूसरी भुजा का समीकरण है

(a) $x+2y-a=0$ (b) $x+2y=2a$
(c) $3x+4y-4a=0$ (d) $3x-4y+4a=0$

**95.** उन रेखाओं के समीकरण, जिन पर मूलबिन्दु से डाला गया लम्ब *x*–अक्ष से $30^o$ का कोण बनाता है एवं जो अक्षों के साथ $\frac{50}{\sqrt{3}}$ वर्ग इकाई क्षेत्रफल का त्रिभुज बनाता है, हैं

(a) $x+\sqrt{3}y\pm 10=0$
(b) $\sqrt{3}x+y\pm 10=0$
(c) $x\pm\sqrt{3}y-10=0$
(d) इनमें से कोई नहीं

**96.** त्रिभुज *ABC* का आधार *BC* बिन्दु (*p, q*) पर समद्विभाजित होता है तथा *AB* व *AC* के समीकरण क्रमशः $px+qy=1$ व $qx+py=1$ हैं, तो *A* से जाने वाली वाली माध्यिका का समीकरण है

(a) $(2pq-1)(px+qy-1)=(p^2+q^2-1)(qx+py-1)$
(b) $(p^2+q^2-1)(px+qy-1)=(2p-1)(qx+py-1)$
(c) $(pq-1)(px+qy-1)=(p^2+q^2-1)(qx+py-1)$
(d) इनमें से कोई नहीं

**97.** उन सरल रेखाओं के समीकरण, जो अक्षों के साथ समकोण त्रिभुज बनाते हैं, जिसका क्षेत्रफल 6 वर्ग इकाई एवं कर्ण 5 इकाई है, हैं

(a) $\frac{x}{4}+\frac{y}{3}=\pm 1$ (b) $\frac{x}{4}-\frac{y}{3}=\pm 3$
(c) $\frac{x}{6}+\frac{y}{1}=\pm 1$ (d) $\frac{x}{1}-\frac{y}{6}=\pm 1$

**98.** *xy*-समतल में किसी वर्ग के दो विपरीत शीर्ष *A*(–1, 1), *B*(5, 3) हैं, तो वर्ग के अन्य विकर्ण का समीकरण (*A, B* से न जाने वाला) होगा

(a) $x-3y+4=0$ (b) $2x-y+3=0$
(c) $y+3x-8=0$ (d) $x+2y-1=0$

**99.** समद्विबाहु त्रिभुज *ABC* में, आधार *BC* के बिन्दुओं *B* तथा *C* के निर्देशांक क्रमशः (1, 2) तथा (2, 1) हैं। यदि रेखा *AB* का समीकरण $y=2x$ है, तब रेखा *AC* का समीकरण है [Roorkee 2000]

(a) $y=\frac{1}{2}(x-1)$ (b) $y=\frac{x}{2}$
(c) $y=x-1$ (d) $2y=x+3$

**100.** रेखाओं $x=0$, $y=0$, $x=1$ व $y=1$ द्वारा बने वर्ग के विकर्णों के समीकरण हैं [MP PET 1984]

(a) $y=x, y+x=1$ (b) $y=x, x+y=2$
(c) $2y=x, y+x=\frac{1}{3}$ (d) $y=2x, y+2x=1$

**101.** रेखाओं $x=0, y=0, x+y=1$ व $6x+y=3$ द्वारा निर्मित चतुर्भुज का मूल बिन्दु से जाने वाला विकर्ण है [IIT 1973]

(a) $3x-2y=0$ (b) $2x-3y=0$
(c) $3x+2y=0$ (d) इनमें से कोई नहीं

**102.** त्रिभुज *OBC* के शीर्ष क्रमशः $(0, 0), (-3, -1)$ व $(-1, -3)$ हैं, तब *BC* के समान्तर रेखा का समीकरण जो मूल बिन्दु से $\frac{1}{2}$ इकाई की दूरी पर है एवं *OB* व *OC* अन्तःखण्ड काटता है, है [IIT 1976]

(a) $2x+2y+\sqrt{2}=0$ (b) $2x+2y-\sqrt{2}=0$
(c) $2x-2y+\sqrt{2}=0$ (d) इनमें से कोई नहीं

**103.** किसी वर्ग का एक शीर्ष (3, 4) एवं विकर्ण $x+2y=1$ है, तो दूसरा विकर्ण जो दिये गये शीर्ष से गुजरता है, होगा

(a) $2x-y+2=0$ (b) $x+2y=11$
(c) $2x-y=2$ (d) इनमें से कोई नहीं

**104.** समबाहु त्रिभुज का एक शीर्ष (2, 3) है एवं सामने वाली भुजा का समीकरण $x+y=2$ है, तो शेष दो में से एक भुजा का समीकरण है [IIT 1975]

(a) $y-3=2(x-2)$ (b) $y-3=(2-\sqrt{3})(x-2)$
(c) $y-3=(\sqrt{3}-1)(x-2)$ (d) इनमें से कोई नहीं

**105.** एक सरल रेखा इस प्रकार गति करती है कि इसके द्वारा दो लम्बवत् रेखाओं पर काटे अन्तःखण्डों के व्युत्क्रमों का योग स्थिर रहता है, तो रेखा गुजरती है [IIT 1977]

(a) एक स्थिर बिन्दु से (b) एक चर बिन्दु से

(c) मूल बिन्दु से (d) इनमें से कोई नहीं

**106.** यदि *a, b, c* हरात्मक श्रेणी में हों, तो सरल रेखा $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}+\frac{1}{c}=0$ सदैव जिस निश्चित बिन्दु से गुजरती है, वह बिन्दु है [MP PET 1999; AIEEE 2005]

(a) $(-1,-2)$ (b) $(-1,2)$

(c) $(1,-2)$ (d) $(1,-1/2)$

**107.** एक सरल रेखा $ax+by+c=0$ सदैव बिन्दु (1, – 2) से गुजरती है, तब *a, b, c* होंगे [AMU 2000]

(a) समान्तर श्रेणी में (b) हरात्मक श्रेणी में

(c) गुणोत्तर श्रेणी में (d) इनमें से कोई नहीं

**108.** यदि $u=a_1x+b_1y+c_1=0$, $v=a_2x+b_2y+c_2=0$ व $\frac{a_1}{a_2}=\frac{b_1}{b_2}=\frac{c_1}{c_2}$, तो वक्र $u+kv=0$ है [MNR 1987]

(a) वही सरल रेखा *u* (b) भिन्न सरल रेखा

(c) यह सरल रेखा नहीं है (d) इनमें से कोई नहीं

**109.** *a* और *b* के किन मानों के लिए रेखा $ax+by+8=0$ द्वारा अक्षों पर कटे अन्तःखण्ड, रेखा $2x-3y+6=0$ द्वारा कटे अन्तःखण्डों की लम्बाई में बराबर एवं चिन्हों में विपरीत होंगे [MP PET 1983]

(a) $a=\frac{8}{3}, b=-4$ (b) $a=-\frac{8}{3}, b=-4$

(c) $a=\frac{8}{3}, b=4$ (d) $a=-\frac{8}{3}, b=4$

**110.** यदि *a* व *b* दो स्वेच्छ नियतांक हैं, तो सरल रेखा $(a-2b)x+(a+3b)y+3a+4b=0$ किस बिन्दु से गुजरेगी [RPET 1990]

(a) $(-1,-2)$ (b) (1, 2)

(c) $(-2,-3)$ (d) (2, 3)

**111.** यदि $a+b+c=0$ व $p\neq 0$, तो रेखायें $ax+(b+c)y=p$, $bx+(c+a)y=p$ व $cx+(a+b)y=p$

(a) प्रतिच्छेदी नहीं हैं (b) प्रतिच्छेदी हैं

(c) संगामी हैं (d) इनमें से कोई नहीं

**112.** वक्र $x^3+y^3=3axy$ सममित है

(a) *x*–अक्ष के अनुदिश (b) *y*–अक्ष के अनुदिश

(c) रेखा $y=x$ के अनुदिश (d) विपरीत चतुर्थांशों के अनुदिश

**113.** रेखाओं $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=1$ व $\frac{x}{b}+\frac{y}{a}=1$ का प्रतिच्छेद बिन्दु निम्न रेखा पर स्थित है

(a) $x-y=0$ (b) $(x+y)(a+b)=2ab$

(c) $(lx+my)(a+b)=(l+m)ab$ (d) उपरोक्त सभी

**114.** समीकरण $(b-c)x+(c-a)y+(a-b)=0$ व $(b^3-c^3)x+(c^3-a^3)y+a^3-b^3=0$ एक ही रेखा निरूपित करते हैं, यदि

(a) $b=c$ (b) $c=a$

(c) $a=b$ (d) $a+b+c=0$

(e) उपरोक्त सभी

**115.** एक सरल रेखा *x*–अक्ष के साथ $135^o$ का कोण बनाती है और मूलबिन्दु से – 5 दूरी पर *y*-अक्ष को काटती है। रेखा का समीकरण है [Pb. CET 2001]

(a) $2x+y+5=0$ (b) $x+2y+3=0$

(c) $x+y+5=0$ (d) $x+y+3=0$

**116.** उस सरल रेखा का समीकरण, जो अक्षों पर समान अन्तःखण्ड बनाती है और बिन्दु (2, 4) से होकर गुजरती है, है [Karnataka CET 2004]

(a) $4x-y-4=0$ (b) $2x+y-8=0$

(c) $x+y-6=0$ (d) $x+2y-10=0$

**117.** उस सरल रेखा का समीकरण, जो बिन्दु (4, 3) से होकर गुजरती है और निर्देशांक अक्षों पर ऐसे अन्तःखण्ड काटती है जिसका योग –1 है, है [AIEEE 2004]

(a) $\frac{x}{2}-\frac{y}{3}=1$ और $\frac{x}{-2}+\frac{y}{1}=1$

(b) $\frac{x}{2}-\frac{y}{3}=-1$ और $\frac{x}{-2}+\frac{y}{1}=-1$

(c) $\frac{x}{2}-\frac{y}{3}=1$ और $\frac{x}{2}+\frac{y}{1}=1$

(d) $\frac{x}{2}+\frac{y}{3}=-1$ और $\frac{x}{-2}+\frac{y}{1}=-1$

**118.** उस सरल रेखा का समीकरण, जो *x*–अक्ष के समान्तर है तथा वक्र $y=\sqrt{x}$ को $45^o$ कोण पर काटती है, होगा [Pb. CET 2002]

(a) $x=\frac{1}{4}$ (b) $y=\frac{1}{4}$

(c) $y=\frac{1}{2}$ (d) $y=1$

**119.** उस सरल रेखा का समीकरण, जो रेखा $ax+by+c=0$ के लम्बवत् और बिन्दु $(a,b)$ से होकर गुजरती है, है [Pb. CET 2002]

(a) $bx-ay=0$ (b) $bx+ay-2ab=0$

(c) $bx+ay=0$ (d) इनमें से कोई नहीं

**120.** बिन्दु (1, 3) और (5, 1) एक आयत के विपरीत शीर्ष हैं। शेष दो शीर्ष, रेखा $y=2x+c$ पर स्थित हैं, तब *c* का मान होगा [Pb. CET 2003; IIT 1981]

(a) 4 (b) – 4

(c) 2 (d) – 2

**121.** त्रिभुज *PQR*, वृत्त $x^2+y^2=25$ से घिरा हुआ है। यदि *Q* और *R* के निर्देशांक क्रमशः (3,4) और (– 4, 3) हैं, तब $\angle QPR$ का मान है [IIT Screening 2000]

(a) $\frac{\pi}{2}$ (b) $\frac{\pi}{3}$

(c) $\frac{\pi}{4}$ (d) $\frac{\pi}{6}$

**122.** रेखा $x+y=2$ पर बिन्दु $(t^2+2t+5, 2t^2+t-2)$ स्थित है

(a) *t* के सभी वास्तविक मानों के लिये

(b) *t* के कुछ वास्तविक मानों के लिये

(c) $t=\frac{-3\pm\sqrt{3}}{6}$ के लिये

(d) इनमें से कोई नहीं

**123.** बिन्दुओं (–1, 3) व (4, –2) से जाने वाली रेखा बिन्दु (*p, q*) से भी जायेगी, यदि

(a) $p-q=1$ (b) $p+q=1$

(c) $p-q=2$ (d) $p+q=2$

124. $x$-अक्ष के समान्तर रेखा व रेखाओं $ax+2by+3b=0$ व $bx-2ay-3a=0$ के प्रतिच्छेद बिन्दुओं से जाने वाली रेखा का समीकरण होगा, जहाँ $(a,b)\neq(0,0)$ [AIEEE 2005]

(a) $x$-अक्ष के ऊपर इससे 3/2 दूरी पर
(b) $x$-अक्ष के ऊपर इससे 2/3 दूरी पर
(c) $x$-अक्ष के नीचे इससे 3/2 दूरी पर
(d) $x$-अक्ष के ऊपर इससे 2/3 दूरी पर

125. एक सरल रेखा, दो बिन्दुओं $(a, 0)$ और $(0, b)$ को मिलाती है, रेखा पर अन्य कोई बिन्दु है [Orissa JEE 2005]

(a) $(3a,-2b)$ (b) $(a^2,ab)$
(c) $(-3a,2b)$ (d) $(a,b)$

126. उस सरल रेखा का समीकरण, जो बिन्दुओं $(3, -4)$ तथा $(5, 2)$ को मिलाने वाली रेखा को समद्विभाजित करती है तथा जिसके $x$ व $y$ अक्षों द्वारा काटे गये अन्तःखण्ड 2 : 1 अनुपात में हैं, है [Karnataka CET 2005]

(a) $x+y-3=0$ (b) $2x-y=9$
(c) $x+2y=2$ (d) $2x+y=7$

127. यदि $(1, 0)$ और $(2,\sqrt{3})$ क्रमशः बिन्दुओं $A$ और $B$ के निर्देशांक हैं, तब $x$-अक्ष के साथ रेखा $AB$ द्वारा बनाया गया कोण है

(a) $30^\circ$ (b) $45^\circ$
(c) $60^\circ$ (d) $75^\circ$

128. रेखा $lx+my+n=0$, $x$-अक्ष के समान्तर होगी, यदि

(a) $l=m=0$ (b) $m=n=0$
(c) $l=n=0$ (d) $l=0$

129. एक रेखा मूलबिन्दु से गुजरती है तथा दो दी गयी रेखाओं $2x+y+6=0$ व $4x+2y-9=0$ के लम्बवत् है। वह अनुपात, जिसके द्वारा मूलबिन्दु इस रेखा को विभाजित करता है, है [DCE 2005]

(a) 1 : 2 (b) 2 : 1
(c) 4 : 3 (d) 3 : 4

## दो रेखाओं के मध्य कोण, दो रेखाओं के मध्य कोणार्द्धक

1. रेखाओं $y=3$ व $y=\sqrt{3}x+9$ के बीच न्यूनकोण है [RPET 1984, 87, 88]

(a) $30^o$ (b) $60^o$
(c) $45^o$ (d) $90^o$

2. रेखाओं $y=(2-\sqrt{3})x+5$ तथा $y=(2+\sqrt{3})x-7$ के बीच का कोण है [MP PET 1997]

(a) $30^o$ (b) $60^o$
(c) $45^o$ (d) $90^o$

3. उन रेखाओं, जिनके निर्देशांक अक्षों पर अन्तःखण्ड क्रमशः $a, -b$ तथा $b, -a$ हैं, के मध्य कोण होगा

(a) $\tan^{-1}\frac{a^2-b^2}{ab}$ (b) $\tan^{-1}\frac{b^2-a^2}{2}$
(c) $\tan^{-1}\frac{b^2-a^2}{2ab}$ (d) इनमें से कोई नहीं

4. यदि त्रिभुज $ABC$ के शीर्षों $A, B, C$ के निर्देशांक क्रमशः $(-4, 2)$, $(12, -2)$ तथा $(8, 6)$ हों, तो $\angle B =$

(a) $\tan^{-1}\left(-\frac{6}{7}\right)$ (b) $\tan^{-1}\left(\frac{6}{7}\right)$
(c) $\tan^{-1}\left(-\frac{7}{6}\right)$ (d) $\tan^{-1}\left(\frac{7}{6}\right)$

5. रेखाओं $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=1$ तथा $\frac{x}{a}-\frac{y}{b}=1$ के मध्य कोण है [MP PET 1995]

(a) $2\tan^{-1}\frac{b}{a}$ (b) $\tan^{-1}\frac{2ab}{a^2+b^2}$
**45.** (c) रेखा का अभीष्ट समीकरण, जो बिन्दु $(a, b)$ से गुजरती है व जिसकी प्रवणता $\frac{b}{a}$ है, $y - b = \frac{b}{a}(x-a) \Rightarrow bx - ay = 0$ है।

**46.** (b) रेखाओं का प्रतिच्छेद बिन्दु (1,1) है। रेखा $2y - 3x + 2 = 0$ के समान्तर रेखा का समीकरण $2y - 3x + k = 0$ है। यह (1, 1) से भी गुजरती है, $\therefore\ k = 1$. अतः अभीष्ट रेखा का समीकरण $2y - 3x + 1 = 0$ या $3x - 2y = 1$ है।

**47.** (a) अभीष्ट रेखा का समीकरण है,

$y + 6 = \tan 45^o (x-4) \Rightarrow x - y - 10 = 0$ .

**48.** (b) अभीष्ट समीकरण है $y - b = -\frac{b}{a}(x-a)$

$\Rightarrow \frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 2$ .

**49.** (c) चूँकि घड़ी की घण्टा मिनट व सेकण्ड की सुईयाँ हमेशा मूलबिन्दु से गुजरती हैं क्योंकि इनका एक सिरा हमेशा मूलबिन्दु पर रहता है। 4 बजे घण्टे की सुई चतुर्थ चतुर्थांश में $30^o$ का कोण बनायेगी, अतः घण्टे की सुई का समीकरण है,

$y = mx \Rightarrow y = -\frac{1}{\sqrt{3}}x$

$\Rightarrow x + \sqrt{3}y = 0$ .




**50.** (a) प्रवणता $= -\sqrt{3}$

$\therefore$ रेखा का समीकरण है, $y = -\sqrt{3}x + c \Rightarrow \sqrt{3}x + y = c$




अब, $\frac{c}{2} = |4| \Rightarrow c = \pm 8 \Rightarrow x\sqrt{3} + y = \pm 8$ .

**51.** (b) विकल्प (b) से,

$$\begin{vmatrix} 1 & 2 & -10 \\ 2 & 1 & 5 \\ 5 & 4 & 0 \end{vmatrix} = 1(0-20) - 2(-25) - 10(3) = 0$$

अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**52.** (a) $x\cos\theta - y\sin\theta = a(\cos^4\theta - \sin^4\theta) = a\cos 2\theta$ .

**53.** (c) मध्य बिन्दु $\equiv (3, 1)$

लम्ब की प्रवणता $= \frac{-1}{\frac{-2-4}{-1-7}} = \frac{-4}{3}$

अतः अभीष्ट समीकरण $4x + 3y = 4(3) + 3(1) = 15$ है।

**54.** (b) दी गयी रेखा की प्रवणता $\frac{1}{2}$ है।

इस प्रकार, $\tan 45^o = \pm \frac{m - \frac{1}{2}}{1 + m.\frac{1}{2}} \Rightarrow m = \pm 3$ .

अतः विकल्प (b) सही है।

**55.** (b) रेखाओं की प्रवणता 1 व –1 है।

चूँकि प्रतिच्छेद बिन्दु (1, 1) हैं।



अतः अभीष्ट समीकरण $y-1=\pm 1(x-1)$ हैं।

**56.** (c) $(0,a)$ से गुजरने वाली किसी रेखा का समीकरण है,

$y-a=m(x-0)$ या $mx-y+a=0$ .....(i)

यदि $(2a,2a)$ से रेखा (i) पर डाले गये लम्ब की लम्बाई '$a$' है,

तो $a=\pm\frac{m(2a)-2a+a}{\sqrt{m^2+1}}\Rightarrow m=0,\frac{4}{3}$

अतः अभीष्ट रेखाओं के समीकरण $y-a=0$, $4x-3y+3a=0$ हैं।

**57.** (a) अन्तःखण्ड $AB$ के मध्य बिन्दु $M(1,5)$ से जाने वाली रेखा है,

$\frac{x-1}{\cos\theta}=\frac{y-5}{\sin\theta}=r$ .....(i)

जहाँ '$r$' रेखा (i) पर स्थित किसी बिन्दु $(x, y)$ तथा बिन्दु $M(1,5)$ के बीच की दूरी है। चूँकि $A$ व $B$, $M$ से बराबर दूरी पर एवं इसके विपरीत दिशा में हैं, अतः यदि $A$ के निर्देशांक (i) में, $r=d$ रखने से प्राप्त होते हों, तो $B$ के निर्देशांक $r=-d$ रखने पर प्राप्त होगें।

अब बिन्दु $A(1+d\cos\theta, 5+d\sin\theta)$, रेखा $5x-y-4=0$ पर स्थित होगा एवं बिन्दु $B(1-d\cos\theta, 5-d\sin\theta)$, रेखा $3x+4y-4=0$ पर स्थित होगा,

अतः $5(1+d\cos\theta)-(5+d\sin\theta)-4=0$

$3(1-d\cos\theta)+4(5-d\sin\theta)-4=0$

उपर्युक्त दोनों समीकरणों से '$d$' का विलोपन करने पर, $\frac{\cos\theta}{35}=\frac{\sin\theta}{83}$

अतः अभीष्ट रेखा का समीकरण है, $\frac{x-1}{35}=\frac{y-5}{83}$

या $83x-35y+92=0$.

**58.** (c)




विभाजन सूत्र से, $a=-\frac{32}{3}$ व $b=\frac{24}{5}$. अतः अभीष्ट समीकरण $\frac{x}{-(32/3)}+\frac{y}{(24/5)}=1\Rightarrow 9x-20y+96=0$ होगा।

**59.** (b) प्रवणता $=\frac{10+6}{3+5}=2$, अतः रेखा $2x-y=-4$ है।

**60.** (c) प्रतिच्छेद बिन्दु (2, 3) है अतः (2, 3) से गुजरने वाली रेखा का समीकरण है, $y-3=m(x-2)$ ......(i)

या $mx-y-(2m-3)=0$

प्रतिबन्ध के अनुसार,

$\frac{3m-2-(2m-3)}{\sqrt{1+m^2}}=\frac{7}{5}\Rightarrow m=\frac{3}{4},\frac{4}{3}$

अतः समीकरण $3x-4y+6=0$ तथा $4x-3y+1=0$ होंगे।

**61.** (b) रेखा के अन्तःखण्ड रूप से,

$\frac{x}{2a\sec\theta}+\frac{y}{2a\operatorname{cosec}\theta}=1\Rightarrow x\cos\theta+y\sin\theta=2a$.

**62.** (b) दी गयी रेखायें एक ही रेखा को निरूपित करती हैं, अतः मूलबिन्दु से इस पर डाले गये लम्ब बराबर होंगे

$\therefore \frac{c}{\sqrt{1+m^2}}=\frac{p}{\sqrt{\cos^2\alpha+\sin^2\alpha}}$

$\Rightarrow c=p\sqrt{1+m^2}$.

**63.** (a) रेखाओं $5x-6y-1=0$ व $3x+2y+5=0$ का प्रतिच्छेद बिन्दु $(-1,-1)$ है। अब $3x-5y+11=0$ पर लम्ब रेखा का समीकरण $5x+3y+k=0$ है, परन्तु यह $(-1,-1)$ से गुजरती है।

$\Rightarrow -5-3+k=0\Rightarrow k=8$

अतः अभीष्ट रेखा $5x+3y+8=0$ है।

**64.** (c) अभीष्ट समीकरण है, $y-2=\frac{5-2}{2-1}(x-1)\Rightarrow y-3x+1=0$.

**65.** (d) **ट्रिक** : रेखा $3y=4x+2$ दी गयी रेखा पर लम्ब है एवं (1, 2) से गुजरती है।

**66.** (b) रेखा $2x+6y+7=0$ के समान्तर रेखा $2x+6y+k=0$ होगी। यह अक्षों को $A\left(-\frac{k}{2},0\right)$ व $B\left(0,-\frac{k}{6}\right)$ पर मिलती है।

संकल्पना से, $AB=10$

$\Rightarrow\sqrt{\frac{k^2}{4}+\frac{k^2}{36}}=10\Rightarrow\sqrt{\frac{10k^2}{36}}=10$

$\Rightarrow 10k^2=3600\Rightarrow k=\pm 6\sqrt{10}$

अतः दो रेखायें $2x+6y\pm 6\sqrt{10}=0$ होंगी।

**67.** (d) बिन्दु (2, 2) से होकर जाने वाली एवं $3x+y=3$ पर लम्ब रेखा $y-2=\frac{1}{3}(x-2)$ या $x-3y+4=0$ है।

$x=0$ रखने पर, $y=4/3$.

अतः $y$-अन्तःखण्ड $=4/3$.

**68.** (c) $\because y=mx+c \Rightarrow y=(\tan 135^o)x-5$

$\Rightarrow y=-x-5\Rightarrow x+y+5=0$.

**69.** (d) माना रेखा का समीकरण $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=1$ है। अक्षों के बीच अन्तःखण्ड $AB$ का मध्य बिन्दु $\left(\frac{a}{2},\frac{b}{2}\right)$ है।

$\therefore \frac{a}{2}=1,\frac{b}{2}=2\Rightarrow a=2,b=4$

अतः रेखा का समीकरण $\frac{x}{2}+\frac{y}{4}=1$, $2x+y=4$ है।

**70.** (a) दी गयी रेखाएँ $\left(\frac{ab}{a+b},\frac{ab}{a+b}\right)$ पर काटती हैं एवं इसे $(a, b)$ से मिलाने पर रेखा की प्रवणता $\frac{b^2}{a^2}$ प्राप्त होती है। हल करने पर अभीष्ट सरल रेखा प्राप्त होती है।

**71.** (b) चूँकि रेखा $x+y\sqrt{3}+3\sqrt{3}=0$, $x$-अक्ष से $150^o$ का कोण बनाती है। अतः अभीष्ट रेखायें $x$-अक्ष की धनात्मक दिशा से $90^o$ तथा $210^o$ अर्थात् $30^o$ का कोण बनायेंगी।

अतः रेखायें $x = 0$ तथा $y = \frac{1}{\sqrt{3}}x$ होंगी।

**72.** (b) बिन्दु $P(a, b)$, रेखा $3x + 2y = 13$ पर है,

अतः $3a + 2b = 13$ .....(i)

बिन्दु $Q(b, a)$, रेखा $4x - y = 5$ पर है,

अतः $4b - a = 5$ .....(ii)

समीकरण (i) व (ii) को हल करने पर, $a = 3, b = 2$

$P(a, b) \to (3, 2)$ तथा $Q(b, a) \to (2, 3)$

$\therefore$ $PQ$ का समीकरण है,

$y - y_1 = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}(x - x_1) \Rightarrow y - 2 = \frac{3-2}{2-3}(x-3)$

$\Rightarrow y - 2 = -(x-3) \Rightarrow x + y = 5$.

**73.** (a) रेखा का समीकरण $2x + 3y + \lambda = 0$ होगा।

यह रेखा बिन्दु (1, 1) से होकर गुजरती है,

$\therefore 2 + 3 + \lambda = 0 \Rightarrow \lambda = -5$

अतः अभीष्ट रेखा का समीकरण $2x + 3y - 5 = 0$ हैं।

**74.** (b) रेखा द्वारा अक्षों पर काटे गये अंतःखण्ड क्रमशः 10, 4 हैं।

अतः रेखा का समीकरण $\frac{x}{10} + \frac{y}{4} = 1 \Rightarrow 2x + 5y = 20$ है।

**75.** (c) सरल रेखाओं $x - 2y = 1$ तथा $x + 3y = 2$ का प्रतिच्छेद बिन्दु $\left(\frac{7}{5}, \frac{1}{5}\right)$ है तथा अभीष्ट रेखा की प्रवणता $= -\frac{3}{4}$

$\therefore$ अभीष्ट रेखा का समीकरण है, $y - \frac{1}{5} = \frac{-3}{4}\left(x - \frac{7}{5}\right)$

$\Rightarrow \frac{3x}{4} + y = \frac{21}{20} + \frac{1}{5} \Rightarrow 3x + 4y = 5 \Rightarrow 3x + 4y - 5 = 0$.

**76.** (b) सरल रेखाओं $2x - 3y + 4 = 0$ तथा $3x + 4y - 5 = 0$ का प्रतिच्छेद बिन्दु $\left(\frac{-2}{34}, \frac{22}{17}\right)$ है तथा अभीष्ट रेखा की प्रवणता $= \frac{-7}{6}$.

अतः अभीष्ट रेखा का समीकरण है, $y - \frac{22}{17} = \frac{-7}{6}\left(x + \frac{2}{34}\right)$

$\Rightarrow 119x + 102y = 125$.

**77.** (d) दी गयी सरल रेखा है, $3x + 3y + 7 = 0$

$\Rightarrow \frac{3}{\sqrt{3^2 + 3^2}}x + \frac{3}{\sqrt{3^2 + 3^2}}y + 7 = 0$

$\Rightarrow \frac{3}{3\sqrt{2}}x + \frac{3}{3\sqrt{2}}y = \frac{-7}{3\sqrt{2}}$, $\therefore p = \left|\frac{-7}{3\sqrt{2}}\right| = \frac{7}{3\sqrt{2}}$.

**78.** (d) रेखाओं $y - x + 7 = 0$ तथा $y + 2x - 2 = 0$ का प्रतिच्छेद बिन्दु $(3, -4)$ है।

$\therefore$ मूलबिन्दु को $(3, -4)$ से मिलाने वाली रेखा का समीकरण ,

$y - 0 = \frac{-4}{3}(x - 0) \Rightarrow 4x + 3y = 0$ है।

**79.** (a) यह स्पष्ट है।

**80.** (c) रेखा $AB$, $x$-अक्ष तथा $y$-अक्ष से शून्य अन्तःखण्ड काटती है तथा यह रेखा, अन्य रेखा $CD \equiv 3x + 4y + 6 = 0$ के लम्बवत् है। हम जानते हैं कि सरल रेखा का मानक समीकरण $y = ax + b$ होता है। दी गयी रेखा $CD$ को, रेखा के मानक समीकरण से तुलना करने पर, $a = 3$, $b = 4$

साथ ही हम जानते हैं कि, रेखा $CD$ की प्रवणता $= -\frac{a}{b} = \frac{-3}{4}$. चूँकि रेखा $AB$, रेखा $CD$ के लम्बवत् हैं, अतः रेखा $AB$ की प्रवणता $(m) = \frac{4}{3}$. अतः रेखा $AB$ का समीकरण

$(y - y_1) = m(x - x_1)$ या $y - 0 = \frac{4}{3}(x - 0)$ या $3y = 4x$

या $4x - 3y = 0$ है।

**81.** (c) अभीष्ट रेखा है,

$(3x - y + 2) + \lambda(5x - 2y + 7) = 0$ .....(i)

$\Rightarrow (3 + 5\lambda)x - (2\lambda + 1)y + (2 + 7\lambda) = 0$

$\Rightarrow y = \frac{3 + 5\lambda}{2\lambda + 1}x + \frac{2 + 7\lambda}{2\lambda + 1}$ .....(ii)

प्रश्नानुसार, (ii) की प्रवणता अनन्त है

$\therefore 2\lambda + 1 = 0 \Rightarrow \lambda = -1/2$

समीकरण (i) में $\lambda = -1/2$ रखने पर,

$(3x - y + 2) + (-1/2)(5x - 2y + 7) = 0 \Rightarrow x = 3$.

**82.** (b) $\because$ दी गई रेखा $y = x$ की प्रवणता 1 है

$\therefore$ अभीष्ट रेखा की प्रवणता $= -1$

अतः अभीष्ट रेखा का समीकरण है,

$y - 2 = -1(x - 3) \Rightarrow x + y = 5$.

**83.** (d) $y = mx + c$ ; $\because m = \tan 30° = \frac{1}{\sqrt{3}}$ ; $c = -2$

$\therefore y = \frac{x}{\sqrt{3}} - 2 \Rightarrow \sqrt{3}y - x + 2\sqrt{3} = 0$.

**84.** (a) $\sqrt{3}\sin\theta + 2\cos\theta = \frac{4}{r}$ के लम्बवत् रेखा,

$\sqrt{3}\sin\left(\frac{\pi}{2} + \theta\right) + 2\cos\left(\frac{\pi}{2} + \theta\right) = \frac{k}{r}$ है।

यह रेखा $(-1, \pi/2)$ से गुजरती है, अतः

$\sqrt{3}\sin\pi + 2\cos\pi = \frac{k}{-1} \Rightarrow k = 2$

$\therefore \sqrt{3}\cos\theta - 2\sin\theta = \frac{2}{r} \Rightarrow 2 = \sqrt{3}r\cos\theta - 2r\sin\theta$.

**85.** (a) बिन्दुओं $(-4, 6)$ तथा $(8, 8)$ से गुजरने वाली रेखा का समीकरण है, $y - 6 = \left(\frac{8-6}{8+4}\right)(x + 4) \Rightarrow y - 6 = \frac{2}{12}(x + 4)$

$\Rightarrow 6y - 36 = x + 4 \Rightarrow 6y - x - 40 = 0$ ......(i)

रेखा (i) के लम्बवत् रेखा का समीकरण है,

$6x + y + \lambda = 0$ ......(ii)

रेखा (ii) बिन्दुओं $(-4, 6)$ व $(8, 8)$ के मध्य बिन्दु अर्थात् $(2, 7)$ से गुजरती है

$\therefore 6 \times 2 + 7 + \lambda = 0 \Rightarrow 19 + \lambda = 0 \Rightarrow \lambda = -19$

अतः समीकरण (ii) से अभीष्ट रेखा का समीकरण

$6x + y - 19 = 0$ है।

**86.** (a) रेखा $3x - 5y + 7 = 0$ के लम्बवत् रेखा का समीकरण है,

$5x + 3y + \lambda = 0$ .....(i)

$\because$ रेखा (i) , $(1,-2)$ से गुजरती है

$\therefore\ 5\times1+3\times(-2)+\lambda=0 \Rightarrow 5-6+\lambda=0 \Rightarrow \lambda=1$

अतः समीकरण $5x+3y+1=0$ है।

**87.** (d) $\frac{2}{a}-\frac{3}{b}=1$ व $\frac{4}{a}-\frac{5}{b}=1 \Rightarrow b=-1, a=-1$.

**88.** (b) बिन्दु (3, 2) से गुजरने वाली व $\frac{3}{4}$ प्रवणता वाली रेखा का समीकरण $3x-4y-1=0$ है।

माना बिन्दु $(h,k)$ है, तब $3h-4k-1=0$ ......(i)

व $(h-3)^2+(y-2)^2=5^2$ ......(ii)

समीकरणों को हल करने पर, $h=-1,7$ व $k=-1,5$

अतः बिन्दु (– 1, –1) व (7, 5) हैं।

**89.** (c) माना $L_1 \equiv 2x+5y-7=0$ व $L_2 \equiv 2x-5y-9=0$

अतः $m_1=-\frac{2}{5}, m_2=\frac{2}{5}$

स्पष्टतः, रेखायें न तो लम्ब हैं, न समान्तर एवं न ही सम्पाती हैं। अतः रेखायें प्रतिच्छेदी हैं।

**90.** (c) स्पष्टतः $AC$ की प्रवणता $=\frac{5}{2}$.

माना $AC$ के साथ $45^o$ के कोण से झुकी रेखा की प्रवणता $m$ है, तब $\tan 45^o = \pm\frac{m-\frac{5}{2}}{1+m.\frac{5}{2}} \Rightarrow m=-\frac{7}{3},\frac{3}{7}$




अतः माना $AB$ या $DC$ की प्रवणता $\frac{3}{7}$ एवं $AD$ या $BC$ की प्रवणता $-\frac{7}{3}$ है। अतः $AB$ का समीकरण $3x-7y+19=0$ तथा $BC$ का समीकरण $7x+3y-4=0$ है।

इन समीकरणों को हल करने पर, $B\left(-\frac{1}{2},\frac{5}{2}\right)$. अब माना शीर्ष $D$ के निर्देशांक $(h, k)$ हैं। चूँकि $AC$ व $BD$ के मध्य बिन्दु एक ही हैं, इसलिए $\frac{1}{2}\left(h-\frac{1}{2}\right)=\frac{1}{2}(3+1) \Rightarrow h=\frac{9}{2}$,

$\frac{1}{2}\left(k+\frac{5}{2}\right)=\frac{1}{2}(4-1) \Rightarrow k=\frac{1}{2}$. अतः $D=\left(\frac{9}{2},\frac{1}{2}\right)$.

**91.** (c) चूँकि विकर्ण का समीकरण $11x+7y=9$ मूल बिन्दु से होकर नहीं जाता है, अतः यह विकर्ण $OB$ का समीकरण नहीं हो सकता है। $AC$ के समीकरण को $OA$ के समीकरण तथा $OC$ के समीकरणों के साथ हल करने पर बिन्दु $A\left(\frac{5}{3},-\frac{4}{3}\right)$ व $C\left(\frac{-2}{3},\frac{7}{3}\right)$ प्राप्त होते हैं।




अतः मध्य बिन्दु $M\left(\frac{1}{2},\frac{1}{2}\right)$ होगा। इस प्रकार, $OB$ का समीकरण $y=x$ अर्थात् $x-y=0$ होगा।

**92.** (c) $BD$ की प्रवणता $\frac{8}{15}$ है एवं $BD$ द्वारा $AD$ व $DC$ से बनाया गया कोण $45^o$ है। माना $DC$ की प्रवणता $m$ है, तब

$\tan 45^o = \pm\frac{m-\frac{8}{15}}{1+\frac{8}{15}m}$




$\Rightarrow (15+8m)=\pm(15m-8)$

$\Rightarrow m=\frac{23}{7}$ या $-\frac{7}{23}$

अतः $DC$ व $AD$ के समीकरण हैं

$y-2=\frac{23}{7}(x-1) \Rightarrow 23x-7y-9=0$

व $y-2=-\frac{7}{23}(x-1) \Rightarrow 7x+23y-53=0$.

**93.** (a) प्रवणता $=\frac{8-2}{3-1}=3$.

अतः विकर्ण का समीकरण $y-2=3(x-1) \Rightarrow 3x-y-1=0$ है।

**94.** (d) स्पष्टतः अन्य रेखा $AB$, बिन्दुओं (0, $a$) व $(2a,k)$ से गुजरेगी।




किन्तु जैसा कि हमें दिया गया है $AB=AC$

$\Rightarrow k=\sqrt{4a^2+(k-a)^2} \Rightarrow k=\frac{5a}{2}$

अतः अभीष्ट समीकरण $3x-4y+4a=0$ होगा।

**95.** (b) माना मूलबिन्दु से दी गई रेखा पर लम्ब की लम्बाई $p$ है, तब इसका अभिलम्ब रूप $x\cos 30^o + y\sin 30^o = p$ या $\sqrt{3}x+y=2p$ है।

यह रेखा अक्षों को $A\left(\frac{2p}{\sqrt{3}},0\right)$ व $B(0,2p)$ पर मिलेगी।

अतः त्रिभुज $\Delta OAB$ का क्षेत्रफल $=\frac{1}{2}\left(\frac{2p}{\sqrt{3}}\right)2p=\frac{2p^2}{\sqrt{3}}$

संकल्पना से, $\frac{2p^2}{\sqrt{3}}=\frac{50}{\sqrt{3}} \Rightarrow p=\pm5$

अतः रेखायें $\sqrt{3}x+y\pm10=0$ हैं।

**96.** (a) चूँकि माध्यिका दी गयी रेखाओं के प्रतिच्छेदन बिन्दु $A$ से गुजरती है, अतः इसका समीकरण $(px+qy-1)+\lambda(qx+py-1)=0$ है, जहाँ $\lambda$ कोई नियतांक है। चूँकि माध्यिका $(p,q)$ से भी गुजरती है, अतः $(p^2+q^2-1)+\lambda(qp+pq-1)=0$

$\Rightarrow \lambda=-\frac{p^2+q^2-1}{2pq-1}$

$A$ से जाने वाली माध्यिका का समीकरण है,

$(px+qy-1)-\frac{p^2+q^2-1}{2pq-1}(qx+py-1)=0$

$\Rightarrow (2pq-1)(px+qy-1)=(p^2+q^2-1)(qx+py-1)$.

97. (a) यदि रेखा $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=1$ है, तो अक्षों पर कटे अन्तःखण्ड $a$ व $b$ होंगे।

अतः क्षेत्रफल $=\frac{1}{2}|a\times b|=6 \Rightarrow |ab|=12$ .....(i)

एवं कर्ण 5 है, अतः $a^2+b^2=25$ .....(ii)

समीकरण (i) व (ii) को हल करने पर,

$a=\pm 4$ या $\pm 3$ तथा $b=\pm 3$ या $\pm 4$

अतः रेखा का समीकरण $\pm\frac{x}{4}\pm\frac{y}{3}=1$ या $\pm\frac{x}{3}\pm\frac{y}{4}=1$ होगा।

**ट्रिक** : विकल्पों के निरीक्षण करने से पता चलता है कि रेखा $\frac{x}{4}+\frac{y}{3}=\pm 1$ दोनों प्रतिबन्धों को सन्तुष्ट करती है।

98. (c) अभीष्ट विकर्ण $AB$ के मध्य बिन्दु से गुजरता है एवं $AB$ पर लम्ब है। अतः समीकरण $y-2=-3(x-2)$ या $3x+y-8=0$ है।

99. (b) $\angle ABC=\tan\theta=\frac{\frac{1}{2}-1}{1+\frac{1}{2}}=-\frac{1}{3}$, (यहाँ $m_1=\frac{1}{2}, m_2=1$)

$\because AB=AC$, $\therefore \angle ABC=\angle ACB$




अतः $-\frac{1}{3}=\frac{m-1}{1+m} \Rightarrow m=\frac{1}{2}$

(यहाँ $m$, रेखा $AC$ की प्रवणता है)

अतः रेखा $AC$ का समीकरण है $y-1=\frac{1}{2}(x-2) \Rightarrow y=\frac{x}{2}$.

100. (a) वर्ग के शीर्षों के निर्देशांक $A(0,0)$, $B(0,1)$, $C(1,1)$ व $D(0,1)$ हैं।




अतः AC का समीकरण $y=x$ व $BD$ का समीकरण

$y-1=-\frac{1}{1}(x-0) \Rightarrow x+y=1$ है।

101. (a) चित्र के अनुसार, विकर्ण $BD$ मूल बिन्दु से गुजरता है, अतः इसका समीकरण

$\left(y-\frac{3}{5}\right)=\frac{-(3/5)}{-(2/5)}\left(x-\frac{2}{5}\right)$

$\Rightarrow 3x-2y=0$.




102. (a) $BC$ की प्रवणता $=-1$ एवं समीकरण $x+y+4=0$ है।

$\therefore$ $BC$ के समान्तर रेखा का समीकरण $x+y+\lambda=0$ है एवं यह मूल बिन्दु से $\frac{1}{2}$ इकाई दूरी पर है।

इस प्रकार $\left|\frac{\lambda}{\sqrt{2}}\right|=\frac{1}{2} \Rightarrow \lambda=\pm\frac{\sqrt{2}}{2}$

अतः रेखा का अभीष्ट समीकरण $2x+2y\pm\sqrt{2}=0$ है।

103. (c) प्रवणता = 2 $\Rightarrow$ अतः समीकरण $2x-y=2$ है।

104. (b) $y-3=\tan(\theta\pm 60^o)(x-2)$

$\because \theta=135^o$, $\therefore y-3=\frac{-1\pm\sqrt{3}}{1\mp(-\sqrt{3})}(x-2)$

अर्थात्, $y-3=\frac{-1+\sqrt{3}}{\sqrt{3}+1}(x-2)=(2-\sqrt{3})(x-2)$.

105. (a) माना दो लम्बवत् रेखायें निर्देशांक अक्ष हैं। यदि गतिमान रेखा द्वारा निर्देशांक्षों पर काटे गये अन्तःखण्ड $a$, $b$ हों, तो रेखा का समीकरण है, $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=1$ .....(i)

प्रश्नानुसार, $\frac{1}{a}+\frac{1}{b}=\frac{1}{k}$, (माना)

अर्थात्, $\frac{k}{a}+\frac{k}{b}=1$ .....(ii)

परिणाम (ii) प्रदर्शित करता है कि सरल रेखा (i) नियत बिन्दु $(k, k)$ से होकर गुजरती है।

106. (c) $a, b, c$ हरात्मक श्रेणी में हैं, तब $\frac{2}{b}=\frac{1}{a}+\frac{1}{c}$ .....(i)

दी गई रेखा है, $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}+\frac{1}{c}=0$ .....(ii)

दोनों को घटाने पर, $\frac{1}{a}(x-1)+\frac{1}{b}(y+2)=0$

$\because a\neq 0, b\neq 0$

अतः $(x-1)=0 \Rightarrow x=1 \Rightarrow (y+2)=0 \Rightarrow y=-2$.

**ट्रिक** : विकल्पों से जाँच करने पर, माना $a, b, c$ के मान क्रमशः $\frac{1}{1},\frac{1}{2},\frac{1}{3}$ हैं, तब $x+2y+3=0$, विकल्प (c) को संतुष्ट करेगा।

107. (a) रेखा $ax+by+c=0$ सदैव बिन्दु $(1,-2)$ से गुजरती है।

$\therefore a-2b+c=0 \Rightarrow 2b=a+c$

अतः $a, b$ तथा $c$ समान्तर श्रेणी में हैं।

108. (a) $u=a_1x+b_1y+c_1=0, v=a_2x+b_2y+c_2=0$

व $\frac{a_1}{a_2}=\frac{b_1}{b_2}=\frac{c_1}{c_2}=c$, (माना)

$\Rightarrow a_2=\frac{a_1}{c}, b_2=\frac{b_1}{c}, c_2=\frac{c_1}{c}$

दिया है $u+kv=0$

$\Rightarrow a_1x+b_1y+c_1+k(a_2x+b_2y+c_2)=0$

$\Rightarrow a_1x+b_1y+c_1+k\frac{a_1}{c}x+k\frac{b_1}{c}y+k\frac{c_1}{c}=0$

$\Rightarrow a_1x\left(1+\frac{k}{c}\right)+b_1y\left(1+\frac{k}{c}\right)+c_1\left(1+\frac{k}{c}\right)=0$

$\Rightarrow a_1x+b_1y+c_1=0=u$ .

**109.** (d) अन्तःखण्ड रूप में रेखा का समीकरण है,

$\frac{x}{-8/a}+\frac{y}{-8/b}=1$ .....(i)

व $\frac{x}{-3}+\frac{y}{2}=1$ .....(ii)

प्रतिबन्ध के अनुसार, $-\frac{8}{a}=-(-3)$

$\Rightarrow a=-\frac{8}{3}$ व $-\frac{8}{b}=-(2)\Rightarrow b=4$ .

**110.** (a) $(a-2b)x+(a+3b)y+3a+4b=0$

या $a(x+y+3)+b(-2x+3y+4)=0$ , जो कि रेखाओं $x+y+3=0$ व $-2x+3y+4=0$ के प्रतिच्छेद बिन्दु अर्थात् (– 1, – 2) से जाने वाली रेखाकुल का समीकरण है।

**ट्रिक** : बिन्दु (–1, –2) दी गयी रेखा के समीकरण को संतुष्ट करते हैं।

**111.** (a) दिये गये प्रतिबन्ध $a+b+c=0$ से तीन रेखायें $x-y=\frac{p}{a}$ या $\frac{p}{b}$ या $\frac{p}{c}(p\neq 0)$ प्राप्त होंगी। ये सभी रेखायें समान्तर हैं। अतः ये किसी निश्चित तल में प्रतिच्छेद नहीं करेंगी।

**112.** (c) $y=x$ या $x=y$ रखने पर समीकरण अपरिवर्तित रहता है, अतः यह रेखा $y=x$ के सापेक्ष सममित है।

**113.** (d) रेखा का प्रतिच्छेद बिन्दु $\left(\frac{ab}{a+b},\frac{ab}{a+b}\right)$ है जो कि विकल्पों (a), (b) व (c) को संतुष्ट करता हैं अतः सही उत्तर (d) है।

**114.** (e) दो रेखायें समान होंगी यदि किसी वास्तविक संख्या $k$ का अस्तित्व इस प्रकार हो कि

$b^3-c^3=k(b-c),\ c^3-a^3=k(c-a),\ a^3-b^3=k(a-b)$

$\Rightarrow b-c=0$ या $b^2+c^2+bc=k$

$\Rightarrow c-a=0$ या $c^2+a^2+ac=k$

$\Rightarrow a-b=0$ या $a^2+b^2+ab=k$

$\Rightarrow b=c, c=a, a=b$ या $b^2+c^2+bc=c^2+a^2+ca$

$\Rightarrow b^2-a^2=c(a-b)\Rightarrow b=a$ या $a+b+c=0$ .

**115.** (c) माना रेखा का समीकरण $y=mx+c$ है।

दी गई रेखा $x$-अक्ष के साथ $135°$ का कोण बनाती है।

$\therefore\ m=\tan\theta=\tan 135°=-1$ और मूलबिन्दु से $y$-अक्ष पर – 5 का अन्तःखण्ड काटती है अर्थात् $c=-5$

अतः रेखा का समीकरण $y=-x-5\Rightarrow x+y+5=0$ है।

**116.** (c) माना रेखा का समीकरण $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=1$ है।

दिया है $a=b$ , तब $x+y=a$ .....(i)

$\because$ रेखा (i), (2, 4) से होकर जाती है

$\therefore$ समीकरण (i) से, $2+4=a\ \Rightarrow\ a=6$

अतः रेखा का समीकरण $x+y=6$ अर्थात् $x+y-6=0$ है।

**117.** (a) यहाँ $a+b=-1$ , $\therefore$ अभीष्ट रेखा है, $\frac{x}{a}-\frac{y}{1+a}=1$ .....(i)

$\because$ रेखा (i), (4, 3) से होकर जाती है

$\therefore\ \frac{4}{a}-\frac{3}{1+a}=1\ \Rightarrow\ 4+4a-3a=a+a^2$

$\Rightarrow\ a^2=4\Rightarrow a=\pm 2$

अतः रेखायें $\frac{x}{2}-\frac{y}{3}=1$ तथा $\frac{x}{-2}+\frac{y}{1}=1$ होंगी।

**118.** (c) माना $x$-अक्ष के समान्तर रेखा का समीकरण है,

$y=\lambda$ .....(i)

तथा वक्र का समीकरण है, $y=\sqrt{x}$ .....(ii)

समीकरण (i) को वक्र $y=\sqrt{x}$ के साथ हल करने पर प्रतिच्छेद बिन्दु $P$ के निर्देशांक $P(\lambda^2,\lambda)$ है।

$\therefore$ समीकरण (ii) से रेखा की प्रवणता $m=\left(\frac{dy}{dx}\right)_{\text{बिन्दु } P \text{ पर}}=\frac{1}{2\lambda}$

$\therefore$ समीकरण (i) और (ii), $P$ पर $45°$ के कोण पर प्रतिच्छेद करते हैं।

$\therefore\ \tan^{-1}\left(\frac{m-0}{1+m.0}\right)=\pm 45°$ .

$\Rightarrow m=\left(\frac{1}{2\lambda}\right)=\pm 1\ \Rightarrow\ \lambda=\pm\frac{1}{2}$

$\therefore$ रेखा का समीकरण $y=\frac{1}{2}$ या $y=\frac{-1}{2}$ है पर $y=\frac{-1}{2}$ नहीं दिया गया है अतः अभीष्ट रेखा $y=\frac{1}{2}$ होगी।

**119.** (a) रेखा $ax+by+c=0$ के लम्बवत् रेखा का समीकरण है,

$bx-ay+\lambda=0$ .....(i)

यह रेखा $(a, b)$ से होकर जाती है

$\therefore$ समीकरण (i) से , $ab-ab+\lambda=0\Rightarrow\lambda=0$

अतः रेखा का समीकरण $bx-ay=0$ है।

**120.** (b) माना $ABCD$ एक आयत है। दिया गया है कि $A(1, 3)$, $C(5, 1)$ विपरीत शीर्ष हैं तथा शीर्ष $B$ और $D$ रेखा $y=2x+c$ पर स्थित हैं।




हम जानते हैं, कि आयात के विकर्ण एक दूसरे को एक ही मध्य बिन्दु पर काटते हैं। अतः $AC$ का मध्य बिन्दु (3, 2) है।

$\because y=2x+c$ रेखा (3, 2) से होकर जाती है, अतः $c=-4$ .

**121.** (c) वृत्त का केन्द्र $=0(0,0)$ , अतः रेखा $OQ$ की प्रवणता $=\frac{4}{3}$ तथा रेखा $OR$ की प्रवणता $=\frac{-3}{4}$ , $\therefore\ \angle QOR=\frac{\pi}{2}$

अतः $\angle QPR=\frac{1}{2}\times\frac{\pi}{2}=\frac{\pi}{4}$ .

**122.** (d) दिया गया बिन्दु रेखा $x+y=2$ पर स्थित होगा यदि $3t^2+3t+3=0$ . यहाँ विविक्तिकर $D=9-12<0$, अतः $t$ का मान काल्पनिक होगा। अतः दिया गया बिन्दु इस रेखा पर स्थित नहीं हो सकता है।

**123.** (d) (–1,3) व (4,–2) को मिलाने वाली रेखा है, $(y+1)=\frac{-5}{5}(x-3)$

$\Rightarrow y+1=-1(x-3)\ \Rightarrow\ x+y=2$ .....(i)

यदि रेखा (i), बिन्दु $(p, q)$ से गुजरती है, तब $p+q=2$ .

**124.** (c) रेखा $ax+2by+3b=0$ तथा $bx-2ay-3a=0$ के प्रतिच्छेद बिन्दु से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण है,

$ax + 2by + 3b + \lambda(bx - 2ay - 3a) = 0$

$\Rightarrow (a + b\lambda)x + (2b - 2a\lambda)y + 3b - 3\lambda a = 0$ .....(i)

रेखा (i), $x$-अक्ष के समान्तर है

$\therefore\ a + b\lambda = 0 \Rightarrow \lambda = \frac{-a}{b}$

$\lambda$ का मान समीकरण (i) में रखने पर,

$ax + 2by + 3b - \frac{a}{b}(bx - 2ay - 3a) = 0$

$y\left(2b + \frac{2a^2}{b}\right) + 3b + \frac{3a^2}{b} = 0$, $y\left(\frac{2b^2 + 2a^2}{b}\right) = -\left(\frac{3b^2 + 3a^2}{b}\right)$

$y = \frac{-3(a^2 + b^2)}{2(b^2 + a^2)} = \frac{-3}{2}$, $y = -\frac{3}{2}$

अतः, यह $x$-अक्ष से 3/2 इकाई नीचे है।

**125.** (a) रेखा का समीकरण है, $\frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 1$.

तब विकल्प (a) से, केवल बिन्दु $(3a, -2b)$ रेखा पर है।

**126.** (c) दी गई रेखा का $x$-अक्ष और $y$-अक्ष से अन्तःखण्ड का अनुपात 2 : 1 अर्थात् अंतःखण्ड $2a$ और $a$ हैं

$\therefore\ \frac{x}{2a} + \frac{y}{a} = 1 \Rightarrow x + 2y = 2a$ .....(i)

प्रश्नानुसार,

रेखा (i), बिन्दुओं (3,–4) और (5, 2) के मध्यबिन्दु अर्थात् (4,–1) से होकर जाती हैं

$\therefore\ 4 + 2(-1) = 2a \Rightarrow a = 1$

अतः रेखा का समीकरण है, $x + 2y = 2$.

**127.** (c) रेखा की प्रवणता $= \tan\theta = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1} = \frac{\sqrt{3} - 0}{2 - 1} = \sqrt{3}$

$\Rightarrow \theta = \tan^{-1}\sqrt{3} = 60^o$.

**128.** (d) $x$-अक्ष के समान्तर $\Rightarrow y = A$, अतः $l$ शून्य होना चाहिए।

**129.** (c) $2x + y + 6 = 0$ पर लम्बवत् व बिन्दु (0, 0) से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण $x - 2y = 0$ होगा।

अब, रेखा $x - 2y = 0$ तथा $2x + y + 6 = 0$ का प्रतिच्छेद बिन्दु $\left(\frac{-12}{5}, \frac{-6}{5}\right)$ तथा रेखा $x - 2y = 0$ और $4x + 2y - 9 = 0$ का प्रतिच्छेद बिन्दु $\left(\frac{9}{5}, \frac{9}{10}\right)$ है।

हम कह सकते हैं कि मूलबिन्दु रेखा $x - 2y = 0$ को $\lambda : 1$ के अनुपात में विभाजित करता है

$\therefore\ x = \frac{\frac{9}{5}\lambda - \frac{12}{5}}{\lambda + 1} = 0 \Rightarrow \frac{9}{5}\lambda = \frac{12}{5}$, $\therefore \lambda = \frac{4}{3}$

अर्थात् मूलबिन्दु, रेखा $x = 2y$ को 4 : 3 के अनुपात में विभाजित करता है।

## दो रेखाओं के मध्य कोण, दो रेखाओं के मध्य कोणार्द्धक

**1.** (b) चित्रानुसार, कोण $= 60^o$




**2.** (b) $\theta = \tan^{-1}\left(\frac{2 - \sqrt{3} - 2 - \sqrt{3}}{1 + 4 - 3}\right) = \tan^{-1}(-\sqrt{3}) = 120^o$

अतः न्यूनकोण $\theta' = 60^o$ लेते हैं।

**3.** (c) रेखाओं के समीकरण $\frac{x}{a} - \frac{y}{b} = 1$ तथा $\frac{x}{b} - \frac{y}{a} = 1$ हैं

$\Rightarrow m_1 = \frac{b}{a}$ व $m_2 = \frac{a}{b}$

अतः, $\theta = \tan^{-1}\frac{\frac{b}{a} - \frac{a}{b}}{1 + \frac{b}{a}.\frac{a}{b}} = \tan^{-1}\frac{b^2 - a^2}{2ab}$.

**4.** (d) यहाँ, $AB$ का समीकरण $x + 4y - 4 = 0$ .....(i)

एवं $BC$ का समीकरण $2x + y - 22 = 0$ .....(ii)

अतः (i) व (ii) के मध्य कोण =

$\tan^{-1}\frac{-\frac{1}{4} + 2}{1 + \left(-\frac{1}{4}\right)(-2)} = \tan^{-1}\frac{7}{6}$.

**5.** (a) रेखायें $bx + ay - ab = 0$ तथा $bx - ay - ab = 0$ हैं

अतः अभीष्ट कोण

$= \tan^{-1}\left|\frac{ab - (-ab)}{b^2 + (-a^2)}\right| = \tan^{-1}\left|\frac{2ab}{b^2 - a^2}\right| = 2\tan^{-1}\frac{b}{a}$.

**6.** (d) $m_1 = 3, m_2 = \frac{1}{2}$ व $m_3 = m$

माना प्रथम व तृतीय रेखा के बीच कोण $\theta_1$ तथा द्वितीय व तृतीय रेखा के बीच कोण $\theta_2$ है, तो

$\tan\theta_1 = \frac{3 - m}{1 + 3m}$ तथा $\tan\theta_2 = \frac{m - \frac{1}{2}}{1 + \frac{m}{2}}$

लेकिन $\theta_1 = \theta_2 \Rightarrow \frac{3 - m}{1 + 3m} = \frac{m - \frac{1}{2}}{1 + \frac{m}{2}}$

$\Rightarrow 7m^2 - 2m - 7 = 0 \Rightarrow m = \frac{1 \pm 5\sqrt{2}}{7}$.

**7.** (b) $\theta = \tan^{-1}\left[\frac{-\cot\alpha_1 + \cot\alpha_2}{1 + \cot\alpha_1\cot\alpha_2}\right]$

$= \tan^{-1}\left[\frac{\tan\alpha_2 - \tan\alpha_1}{1 + \tan\alpha_2\tan\alpha_1}\right] = (\alpha_2 \sim \alpha_1)$

**वैकल्पिक** : स्पष्टतः $x$-अक्ष की धनात्मक दिशा से, प्रथम रेखा $\frac{\pi}{2} + \alpha_1$ कोण तथा दूसरी रेखा $\frac{\pi}{2} + \alpha_2$ कोण बना रही है। अतः इन रेखाओं के बीच कोण $\alpha_1 \sim \alpha_2$ होगा।

**8.** (b) $\theta = \tan^{-1}\left(\frac{-\cot 30^o + \cot 60^o}{1 + \cot 30^o\cot 60^o}\right)$

$= \tan^{-1}\left(\frac{\tan 60^o - \tan 30^o}{1+\tan 30^o \tan 60^o}\right) = 30^o$.

9. (c) ये लम्बवत् रेखायें हैं, क्योंकि $m_1m_2 = (2)\left(\frac{-1}{2}\right) = -1$.

10. (c) $a_1a_2 + b_1b_2 = \frac{1}{ab'} + \frac{1}{a'b} = 0$

अतः रेखायें लम्बवत् हैं।

11. (a) माना $L_1 \equiv 2x+3y-7=0$ व $L_2 \equiv 2x+3y-5=0$

यहाँ $L_1$ की प्रवणता $= L_2$ की प्रवणता $= -\frac{2}{3}$, अतः रेखायें समान्तर हैं।

12. (b) रेखा $y = x+2$ की प्रवणता 1 है, इसलिए यह $x$-अक्ष से $45^o$ का कोण बनायेगी। दूसरी रेखा $x$-अक्ष के समान्तर है। अतः रेखाओं के बीच अधिककोण $135^\circ$ होगा।

13. (c) बिन्दुओं (1, 0) व $(-2, \sqrt{3})$ से होकर जाने वाली रेखा की प्रवणता $= m = \frac{\sqrt{3}-0}{-2-1} = -\frac{1}{\sqrt{3}}$

$\Rightarrow \theta = \tan^{-1}\left(-\frac{1}{\sqrt{3}}\right) = 150^o$.

14. (b) $\theta = 90^o - \tan^{-1}\left(\frac{1}{3}\right)$

$\tan\theta = \cot\left[\tan^{-1}\left(\frac{1}{3}\right)\right] = 3$

$\Rightarrow \theta = \tan^{-1}(3)$.




15. (c) $\frac{k-(2+\sqrt{3})}{1+k(2+\sqrt{3})} = \sqrt{3}$ या $k - 2 - \sqrt{3} = \sqrt{3} + 2k\sqrt{3} + 3k$,

$k = \frac{-2(1+\sqrt{3})}{2(1+\sqrt{3})} = -1$.

16. (a) हम जानते हैं, कि $\frac{\sqrt{3}+1}{\sqrt{3}-1} = \tan 75^o$

$\therefore$ रेखा $y$-अक्ष के साथ $75^o$ का कोण बनाती है, अतः $y$-अक्ष का समीकरण $x = 0$ है।

17. (b) यह आधारभूत संकल्पना है।

18. (d) बिन्दुओं $(4,-5)$ व $(-2,9)$ को मिलाने वाली रेखा का मध्यबिन्दु $\left(\frac{4-2}{2}, \frac{-5+9}{2}\right)$ अर्थात् (1, 2) है। अतः मध्यबिन्दु (1, 2) व बिन्दु (–3,6) से गुजरने वाली रेखा की प्रवणता $m = \frac{2-6}{1+3} = \frac{-4}{4} = -1 = \tan\theta$.

$\Rightarrow \theta = \frac{3\pi}{4}$.

19. (a) दो रेखाओं के मध्य कोण के लिये, $\tan\theta = \frac{m_1 - m_2}{1+m_1m_2}$

दिया है, $m_1 = \frac{-1}{2}$, $m_2 = 2$ $\therefore m_1m_2 = -1$.

अतः रेखाएँ लम्बवत् हैं अर्थात् $\theta = 90^\circ$.

20. (a) $\because a_1a_2 + b_1b_2 = (1)(\sqrt{3}) + (-\sqrt{3})(1) = 0$

$\therefore$ अतः रेखायें लम्बवत् हैं, अर्थात् $\theta = 90^\circ$.

21. (b) दी गई रेखायें हैं, $2x - y - 15 = 0$ .....(i)

तथा $3x + y + 4 = 0$ .....(ii)

यहाँ $m_1 = 2, m_2 = -3$

यदि दोनों रेखाओं के मध्य कोण $\theta$ हो, तब

$\tan\theta = \left|\frac{m_1 - m_2}{1+m_1m_2}\right| = \left|\frac{2+3}{1-6}\right| = \left|\frac{5}{-5}\right| = 1$

$\tan\theta = \tan\frac{\pi}{4} \Rightarrow \theta = \frac{\pi}{4} = 45^\circ$.

22. (c) रेखा $xy = 0$, निर्देशांक अक्षों $x = 0$ व $y = 0$ का समीकरण प्रदर्शित करती है। अतः इनके बीच कोण $90^\circ$ है।

23. (b) $m_1 = \frac{6+4}{-2-3} = \frac{10}{-5} = -2$ व $m_2 = \frac{-18-6}{9-(-3)} = -2$

अतः ये रेखाएँ समान्तर हैं।

24. (c) $\left(\frac{-2}{3a}\right)\left(\frac{-3}{4}\right) = -1$ या $a = \frac{-1}{2}$.

25. (a) $(a\cos\alpha, a\sin\alpha)$ व $(a\cos\beta, a\sin\beta)$ का मध्य बिन्दु $P\left(\frac{a(\cos\alpha+\cos\beta)}{2}, \frac{a(\sin\alpha+\sin\beta)}{2}\right)$ है।




रेखा $AB$ की प्रवणता $= \frac{a\sin\beta - a\sin\alpha}{a\cos\beta - a\cos\alpha}$

$= \frac{\sin\beta - \sin\alpha}{\cos\beta - \cos\alpha} = m_1$

एवं $OP$ की प्रवणता $= \frac{\sin\alpha + \sin\beta}{\cos\alpha + \cos\beta} = m_2$

अब $m_1 \times m_2 = \frac{\sin^2\beta - \sin^2\alpha}{\cos^2\beta - \cos^2\alpha} = -1$

अतः रेखाएँ लम्बवत् हैं।

26. (b) यह स्पष्ट है।

27. (b) चूँकि $m_1m_2 = (2)\left(-\frac{1}{2}\right) = -1$.

28. (d) $\left(\frac{k-3}{2-4}\right)(2) = -1 \Rightarrow 2k - 6 = 2 \Rightarrow k = 4$.

29. (b) यह स्पष्ट है।

30. (b) कोणों के समद्विभाजकों के समीकरण $\frac{3x-4y+7}{5} = \pm\frac{12x+5y-2}{13}$ द्वारा प्राप्त होते हैं।

$\Rightarrow 11x - 3y + 9 = 0$ ......(i)

व $21x + 77y - 101 = 0$ ......(ii)

माना (i) व रेखा $3x - 4y + 7 = 0$ के बीच का कोण $\alpha$ है, तो

$\tan\alpha = \left|\frac{m_1 - m_2}{1+m_1m_2}\right| = \left|\frac{\frac{3}{4} - \frac{11}{3}}{1+\frac{3}{4}\times\frac{11}{3}}\right| = \frac{35}{45} < 1$

$\Rightarrow \alpha < 45^o$, अतः $11x - 3y + 9 = 0$ दी गयी रेखाओं का न्यूनकोण समद्विभाजक है।

**31.** (a) कोणों के समद्विभाजकों के समीकरण निम्न हैं

$$\frac{x-2y+4}{\sqrt{1+4}} = \pm\frac{4x-3y+2}{\sqrt{16+9}}$$

(+) चिन्ह लेने पर,

$(4-\sqrt{5})x - (3-2\sqrt{5})y - (4\sqrt{5}-2) = 0$ .....(i)

(–) चिन्ह लेने पर,

$(4+\sqrt{5})x - (2\sqrt{5}+3)y + (4\sqrt{5}+2) = 0$ .....(ii)

माना रेखा (i) व दी हुयी रेखाओं में से एक के बीच का कोण $\theta$ है, तो $\tan\theta = \left|\frac{\frac{1}{2} - \frac{4-\sqrt{5}}{3-2\sqrt{5}}}{1+\frac{1}{2}.\frac{4-\sqrt{5}}{3-2\sqrt{5}}}\right| = \sqrt{5}+2 > 1$

अतः रेखा (i), दी गयी रेखाओं के बीच अधिककोण समद्विभाजक है।

**32.** (a) $x$ व $y$-अक्षों के कोण समद्विभाजकों के समीकरण $x + y = 0$ व $x - y = 0$ $(\because \theta = 45^o$ या $135^o)$

या $y = \pm x$ हैं।

**33.** (a) चूँकि मूलबिन्दु व बिन्दु (1, –3) रेखा $x + 2y - 11 = 0$ के एक ही ओर हैं एवं रेखा $3x - 6y - 5 = 0$ के विपरीत ओर हैं। अतः बिन्दु $(0,0)$ नहीं रखने वाला कोण समद्विभाजक ही अभीष्ट समद्विभाजक होगा, अर्थात्

$$\frac{-x-2y+11}{\sqrt{5}} = -\left(\frac{-3x+6y+5}{\sqrt{45}}\right)$$ अर्थात्, $3x = 19$.

**34.** (a) सूत्र से, $\frac{a_1x+b_1y+c_1}{\sqrt{a_1^2+b_1^2}} = \pm\frac{a_2x+b_2y+c_2}{\sqrt{a_2^2+b_2^2}}$

$$\frac{3x+4y-7}{\sqrt{3^2+4^2}} = \pm\frac{12x+5y+17}{\sqrt{(12)^2+(5)^2}}$$

$$\frac{3x+4y-7}{5} = \pm\frac{12x+5y+17}{13}.$$

**35.** (c) रेखाओं $4x - 3y + 7 = 0$ तथा $3x - 4y + 14 = 0$ के मध्य निर्मित न्यूनकोण के अर्द्धक का समीकरण है, $\frac{4x-3y+7}{\sqrt{16+9}} = -\frac{3x-4y+14}{\sqrt{16+9}}$

$\Rightarrow 7x - 7y + 21 = 0 \Rightarrow x - y + 3 = 0$.

**36.** (d) यहाँ, प्रथम विकर्ण की प्रवणता = $m_1 = \frac{2-0}{2-0} = 1 \Rightarrow \theta_1 = 45^o$

द्वितीय विकर्ण की प्रवणता = $m_2 = \frac{2-0}{1-1} = \infty \Rightarrow \theta_2 = 90^o$

$\Rightarrow \theta_2 - \theta_1 = 45^o = \frac{\pi}{4}$.

**37.** (c)




$QR$ की प्रवणता = $\frac{3\sqrt{3}-0}{3-0} = \sqrt{3}$, अर्थात् $\theta = 60^o$

स्पष्टतः, $\angle PQR = 120^o$

$\because$ $OQ$, कोण का कोणार्द्धक है अतः रेखा $OQ$, $x$-अक्ष की धनात्मक दिशा से 120° का कोण बनायेगी। अतः $\angle PQR$ के कोणार्द्धक का समीकरण $y = \tan 120^o x$ या $y = -\sqrt{3}x$ अर्थात् $\sqrt{3}x + y = 0$ है।

## दो रेखाओं के मध्य दूरी, किसी बिन्दु से रेखा की लम्बवत् दूरी, रेखा के सापेक्ष बिन्दु की स्थिति

**1.** (a) माना बिन्दु $(h,0)$ है, तो $a = \pm\frac{bh+0-ab}{\sqrt{a^2+b^2}}$

$\Rightarrow bh = \pm a\sqrt{a^2+b^2} + ab \Rightarrow h = \frac{a}{b}(b \pm \sqrt{a^2+b^2})$

अतः बिन्दु $\left\{\frac{a}{b}(b \pm \sqrt{a^2+b^2}), 0\right\}$ हैं।

**2.** (b) लम्ब की लम्बाई $= \left|\frac{\frac{b}{a} - \frac{a}{b} - 1}{\sqrt{\left(\frac{1}{a}\right)^2 + \left(\frac{1}{b}\right)^2}}\right| = \left|\frac{b^2 - a^2 - ab}{\sqrt{a^2+b^2}}\right|$.

**3.** (b) यहाँ रेखायें $3x + 4y - 9 = 0$ ......(i)

और $6x + 8y - 15 = 0$ ......(ii) हैं।

अब मूल बिन्दु से दोनों रेखाओं की दूरियाँ क्रमशः

$\frac{-9}{\sqrt{3^2+4^2}} = -\frac{9}{5}$ व $\frac{-15}{\sqrt{6^2+8^2}} = -\frac{15}{10}$ हैं।

अतः दोनों रेखाओं के बीच की दूरी $= \left|-\frac{9}{5} - \left(-\frac{15}{10}\right)\right| = \frac{3}{10}$.

**वैकल्पिक** : प्रथम समीकरण में $y = 0$ रखने पर, $x = 3$. अतः बिन्दु (3, 0) इस पर स्थित है। अतः इन रेखाओं के बीच की दूरी बिन्दु (3, 0) से रेखा $6x + 8y = 15$ पर डाले गये लम्ब की लम्बाई के बराबर, अर्थात् $\frac{6\times3-15}{\sqrt{6^2+8^2}} = \frac{3}{10}$ होगी।

**4.** (a) प्रतिच्छेद बिन्दु $y = \frac{15}{17}, x = \frac{-4\times15}{3\times17} = \frac{-20}{17}$ है

अतः $D = \left|\frac{5\left(\frac{-20}{17}\right) - 2\left(\frac{15}{17}\right)}{\sqrt{29}}\right| = \frac{130}{17\sqrt{29}}$.

**5.** (a) माना बिन्दु $(h, k)$ है, तो $h + k = 4$ .....(i)

और $1 = \pm\frac{4h+3k-10}{\sqrt{4^2+3^2}} \Rightarrow 4h + 3k = 15$ .....(ii)

और $4h + 3k = 5$ .....(iii)

समीकरण (i) व (ii), तथा (i) व (iii) को हल करने पर, अभीष्ट बिन्दु (3, 1) व (–7, 11) होंगे।

**ट्रिक** : विकल्पों के निरीक्षण से, स्पष्टतः बिन्दु (3, 1) व (–7,11), रेखा $x+y=4$ पर स्थित हैं एवं इन बिन्दुओं की रेखा $4x+3y=10$ से लम्बवत् दूरी 1 है।

6. (d) $p=\frac{ab}{\sqrt{a^2+b^2}}$ या $\frac{a^2+b^2}{a^2b^2}=\frac{1}{p^2}\Rightarrow\frac{1}{a^2}+\frac{1}{b^2}=\frac{1}{p^2}$.

7. (b) बिन्दुओं $(x',y')$ तथा $(x'',y'')$ को मिलाने वाली सरल रेखा का समीकरण है, $y-y'=\frac{y''-y'}{x''-x'}(x-x')$

लम्ब की लम्बाई $=\frac{x'(y''-y')-y'(x''-x')}{\sqrt{(x''-x')^2+(y''-y')^2}}$

$=\frac{x'y''-y'x''}{\sqrt{(x''-x')^2+(y''-y')^2}}$.

**नोट** : विद्यार्थी इस प्रश्न को सूत्र की तरह याद रखें।

8. (c) यहाँ, $p=\left|\frac{-k}{\sqrt{\sec^2\alpha+\text{cosec}^2\alpha}}\right|$, $p'=\left|\frac{-k\cos 2\alpha}{\sqrt{\cos^2\alpha+\sin^2\alpha}}\right|$

अतः, $4p^2+p'^2=\frac{4k^2}{\sec^2\alpha+\text{cosec}^2\alpha}+\frac{k^2(\cos^2\alpha-\sin^2\alpha)^2}{1}$

$=4k^2\sin^2\alpha\cos^2\alpha+k^2(\cos^4\alpha+\sin^4\alpha)$
$-2k^2\cos^2\alpha\sin^2\alpha$

$=k^2(\sin^2\alpha+\cos^2\alpha)^2=k^2$.

9. (a) अभीष्ट दूरी $=\frac{7}{\sqrt{(12)^2+5^2}}=\frac{7}{13}$.

10. (b) अभीष्ट लम्बाई $=\left|\frac{4(3)+3(1)+20}{5}\right|=7$.

11. (d) माना दोनों रेखाओं की मूल बिन्दु से दूरियाँ $p_1$ व $p_2$ हैं, तब स्पष्टतः $p_1=-\frac{8}{5}$ व $p_2=-\frac{3}{5}$. अतः दोनों रेखाओं के बीच दूरी $=|p_1\sim p_2|=\frac{5}{5}=1$.

12. (c) $4x+3y=11$ व $4x+3y=\frac{15}{2}$

अतः $D=\left|\frac{11-\frac{15}{2}}{5}\right|=\frac{7}{10}$.

13. (b) $|AD|=\left|\frac{2-2-1}{\sqrt{1^2+2^2}}\right|=\frac{1}{\sqrt{5}}$




$\tan 60^\circ=\frac{AD}{BD}$

$\Rightarrow\sqrt{3}=\frac{1/\sqrt{5}}{BD}$

$\Rightarrow BD=\frac{1}{\sqrt{15}}$

$BC=2BD=2/\sqrt{15}$.

14. (b) $\left(\frac{b\sqrt{a^2-b^2}\cos\theta+0-ab}{\sqrt{b^2\cos^2\theta+a^2\sin^2\theta}}\right)\left(\frac{-b\sqrt{a^2-b^2}\cos\theta-ab}{\sqrt{b^2\cos^2\theta+a^2\sin^2\theta}}\right)$

$=\frac{-[b^2(a^2-b^2)\cos^2\theta-a^2b^2]}{(b^2\cos^2\theta+a^2\sin^2\theta)}$

$=\frac{b^2[a^2-a^2\cos^2\theta+b^2\cos^2\theta]}{b^2\cos^2\theta+a^2\sin^2\theta}$

$=\frac{b^2[a^2\sin^2\theta+b^2\cos^2\theta]}{b^2\cos^2\theta+a^2\sin^2\theta}=b^2$.

**ट्रिक** : माना $a=2, b=1$ और $\theta=\frac{\pi}{2}$ तो बिन्दु $(\pm\sqrt{3},0)$ तथा रेखा $y=1$ होगी। $y=1$ पर बिन्दु $(\sqrt{3},0)$ से लम्बाई 1 है एवं बिन्दु $(-\sqrt{3},0)$ से भी 1 है। अतः गुणनफल $1\times 1=1$ है, जो कि विकल्प (b) द्वारा प्राप्त होता है।

15. (b) रेखायें $3x+4y+2=0$ व $3x+4y+5=0$ मूलबिन्दु के एक ही ओर हैं। इन रेखाओं के बीच की दूरी $d_1=\left|\frac{2-5}{\sqrt{3^2+4^2}}\right|=\frac{3}{5}$ है। रेखायें $3x+4y+2=0$ व $3x+4y-5=0$ मूलबिन्दु से विपरीत ओर हैं। इन रेखाओं के बीच की दूरी $d_2=\left|\frac{2+5}{\sqrt{3^2+4^2}}\right|=\frac{7}{5}$

अतः रेखा $3x+4y+2=0$, रेखाओं $3x+4y+5=0$ व $3x+4y-5=0$ के बीच की दूरी को $d_1:d_2$, अर्थात् $3:7$ के अनुपात में विभाजित करती है।

16. (c) $2p=\left|\frac{0+0-1}{\sqrt{\frac{1}{a^2}+\frac{1}{b^2}}}\right|\Rightarrow\frac{1}{a^2}+\frac{1}{b^2}=\frac{1}{4p^2}$

$\Rightarrow\frac{1}{a^2}+\frac{1}{b^2}=\frac{2}{8p^2}\Rightarrow\frac{1}{a^2},\frac{1}{8p^2},\frac{1}{b^2}$ समान्तर श्रेणी में हैं।

$\Rightarrow a^2, 8p^2, b^2$ हरात्मक श्रेणी में हैं।

17. (a) रेखा $4x-3y-12=0$ है। अतः अभीष्ट लम्बाई $=\frac{12}{5}$.

18. (b) $\therefore$ दो रेखाओं के बीच की दूरी $=d=\left|\frac{1+\frac{9}{2}}{\sqrt{13}}\right|$

$\Rightarrow d=\frac{11}{2\sqrt{13}}=\frac{11}{\sqrt{52}}$.

19. (c) **ट्रिक** : विकल्प (c) से,




$BP=\sqrt{(5-3)^2+(7+2)^2}=\sqrt{4+81}=\sqrt{85}$

अतः विकल्प (c) सही है।

20. (a) $p=\left|\frac{-2-3-5}{\sqrt{1+1}}\right|=\frac{10}{\sqrt{2}}=5\sqrt{2}$ .

21. (a) रेखा $x+y=1$ की प्रवणता $-1$ है।
अतः यह रेखा $x$-अक्ष के साथ $135°$ का कोण बनाती है।
बिन्दु (1, 1) से जाने वाली तथा $135°$ का कोण बनाने वाली रेखा का समीकरण $\frac{x-1}{\cos 135^o}=\frac{y-1}{\sin 135^o}=r$
$\Rightarrow \frac{x-1}{-1/\sqrt{2}}=\frac{y-1}{1/\sqrt{2}}=r$
इस रेखा पर स्थित किसी बिन्दु के निर्देशांक $\left(1-\frac{r}{\sqrt{2}},1+\frac{r}{\sqrt{2}}\right)$ हैं।
यदि यह बिन्दु रेखा $2x-3y=4$ पर स्थित हो, तो
$2\left(1-\frac{r}{\sqrt{2}}\right)-3\left(1+\frac{r}{\sqrt{2}}\right)=4 \Rightarrow r=\sqrt{2}.$

22. (c) दी गई रेखाएँ हैं, $5x+3y-7=0$ .....(i)
तथा $15x+9y+14=0$ या $5x+3y+\frac{14}{3}=0$ .....(ii)
रेखाएँ (i) व (ii) समान्तर हैं। चूँकि $c_1$ व $c_2$ विपरीत चिन्हों के हैं, इसलिए दोनों रेखाएँ मूलबिन्दु के विपरीत ओर स्थित होंगी। अतः दोनों रेखाओं के मध्य दूरी
$=\left|\frac{c_1}{\sqrt{a_1^2+b_1^2}}\right|+\left|\frac{c_2}{\sqrt{a_2^2+b_2^2}}\right|=\left|\frac{-7}{\sqrt{34}}\right|+\left|\frac{14}{3\sqrt{34}}\right|=\frac{35}{3\sqrt{34}}.$

23. (b) बिन्दु (0,0) से सरल रेखा $3x+4y+7=0$ की लम्बवत् दूरी
$=d_1=\frac{3\times 0+4\times 0+7}{\sqrt{3^2+4^2}}=\frac{7}{5}$
बिन्दु (0, 0) से सरल रेखा $3x+4y-5=0$ की लम्बवत् दूरी
$=d_2=\frac{3\times 0+4\times 0+(-5)}{\sqrt{3^2+4^2}}=\frac{-5}{5}$
$\therefore$ अभीष्ट दूरी $=|d_1-d_2|=\left|\frac{7}{5}-\left(\frac{-5}{5}\right)\right|=\frac{12}{5}.$

24. (a) $L_1(8,-9)=2(8)+3(-9)-4=-15$
$L_2(8,-9)=6(8)+9(-9)+8=-25$
अतः बिन्दु रेखाओं के एक ही ओर हैं।

25. (a) रेखा का समीकरण $y=x\tan\alpha+c$, $c>0$ है।
बिन्दु $(a\cos\alpha, a\sin\alpha)$ से लम्ब की लम्बाई
$=p=\frac{-a\sin\alpha+a\cos\alpha\tan\alpha+c}{\sqrt{1+\tan^2\alpha}}$ ; $p=\frac{c}{\sec\alpha}=c\cos\alpha$ .

26. (a) बिन्दु (–2, 3) से रेखा $x-y=5$ की लम्बवत् दूरी
$=\left|\frac{-2-3-5}{\sqrt{2}}\right|=\left|\frac{-10}{\sqrt{2}}\right|=5\sqrt{2}$ .

27. (c) दी गयी रेखायें $2x-y+7=0$ तथा $2x-y+5=0$ हैं।
दोनों रेखाएँ मूल बिन्दु के एक ओर हैं।
अतः, समान्तर रेखाओं के बीच की दूरी $=\frac{7-5}{\sqrt{2^2+1^2}}=\frac{2}{\sqrt{5}}$.

28. (c) दिया है, रेखा का समीकरण $y-x+2=0$ है तथा बिन्दुओं के निर्देशांक $(x_1,y_1)=(3,-1)$ तथा $(x_2,y_2)=(8,9)$ हैं।
हम जानते हैं कि यदि रेखा $ax+by+c=0$, बिन्दुओं $(x_1,y_1)$ तथा $(x_2,y_2)$ द्वारा $\lambda:1$ के अनुपात में विभाजित होती है, तो प्रतिच्छेद बिन्दु $\left(\frac{\lambda x_2+x_1}{\lambda+1},\frac{\lambda y_2+y_1}{\lambda+1}\right)$ रेखा $ax+by+c=0$ पर स्थित होगा।
अतः बिन्दुओं $(3,-1)$ तथा $(8,9)$ को मिलाने वाली रेखा को $\lambda:1$ के अनुपात में विभाजित करने वाला बिन्दु $\left(\frac{8\lambda+3}{\lambda+1},\frac{9\lambda-1}{\lambda+1}\right)$ है तथा यदि यह बिन्दु $y-x+2=0$ पर स्थित हो, तो $\frac{9\lambda-1}{\lambda+1}-\frac{8\lambda+3}{\lambda+1}+2=0$
या $9\lambda-1-(8\lambda+3)+2(\lambda+1)=0$
या $3\lambda-2=0, \lambda=\frac{2}{3}$, अर्थात् अनुपात 2 : 3 है।

29. (a) मूल बिन्दु से सरल रेखा $12x+5y-7=0$ की लम्बवत् दूरी
$=\left|\frac{12\times 0+5\times 0-7}{\sqrt{12^2+5^2}}\right|=\left|\frac{-7}{13}\right|=\frac{7}{13}$ .

30. (c) **ट्रिक** : स्पष्टतः (0, 0) से दी गयी रेखाओं पर लम्ब की लम्बाईयाँ 2 हैं।

31. (c) माना आधार $x+y=2$ पर शीर्ष (2, –1) से डाले गये लम्ब की लम्बाई $p$ है, तो $p=\left|\frac{2-1-2}{\sqrt{1^2+1^2}}\right|=\frac{1}{\sqrt{2}}$
यदि त्रिभुज की भुजा की लम्बाई '$a$' है, तो
$p=a\sin 60^o \Rightarrow \frac{1}{\sqrt{2}}=\frac{a\sqrt{3}}{2}\Rightarrow a=\sqrt{\frac{2}{3}}$ .

32. (d) $\because (\sin\theta,\cos\theta)$ तथा (3, 2) रेखा $x+y-1=0$ के एक ही ओर स्थित हैं तब चिन्ह समान होने चाहिए।
$\therefore \sin\theta+\cos\theta-1>0$ चूँकि $3+2-1>0$
$\Rightarrow \sqrt{2}\sin\left(\theta+\frac{\pi}{4}\right)>1$
$\Rightarrow \sin\left(\theta+\frac{\pi}{4}\right)>\frac{1}{\sqrt{2}}\Rightarrow 0<\theta<\frac{\pi}{4}.$

33. (d) $L_{(-1,-1)}=3(-1)-8(-1)-7<0$
$L_{(3,7)}=3\times 3-8\times 7-7<0$
अतः (–1, –1) व (3, 7) रेखा के एक ही ओर स्थित हैं।

34. (a) रेखाओं $-x+y=2$ और $x-y=2$ के बीच की दूरी
$\alpha=\frac{2}{\sqrt{2}}+\frac{2}{\sqrt{2}}=2\sqrt{2}$
रेखाओं $4x-3y=5$ व $6y-8x=1$ के बीच की दूरी
$\beta=\frac{1}{10}+\frac{5}{5}=\frac{11}{10}$
$\therefore \frac{\alpha}{\beta}=\frac{2\sqrt{2}}{11/10}\Rightarrow 20\sqrt{2}\beta=11\alpha$ .

**35.** (a) $L \equiv 2x+3y-4=0$, $L_{(-6,2)}=-12+6-4<0$

$L' = 6x+9y+8=0$, $L'_{(-6,2)}=-36+18+8<0$

अतः बिन्दु दोनों रेखाओं के नीचे है।

**36.** (b) $L \equiv 3x-4y-8=0$

$L_{(3,4)}=9-16-8<0$ व $L_{(2,-6)}=6+24-8>0$

अतः बिन्दु, रेखा के विपरीत ओर हैं।

## संगामी रेखायें

**1.** (c) दी गयी रेखायें हैं,

$ax+by+c=0$ .....(i)

$bx+cy+a=0$ .....(ii)

$cx+ay+b=0$ .....(iii)

रेखायें संगामी होंगी, यदि $\begin{vmatrix} a & b & c \\ b & c & a \\ c & a & b \end{vmatrix}=0$

$\Rightarrow a^3+b^3+c^3-3abc=0$.

**2.** (b) $\dfrac{a-at_2^2}{at_2^2-at_1^2}=\dfrac{-2at_2}{2at_2-2at_1}$

$\Rightarrow (1-t_2^2)=-t_2(t_2+t_1)$ या $t_1t_2=-1$.

**3.** (a) $\begin{vmatrix} m_1 & -1 & c_1 \\ m_2 & -1 & c_2 \\ m_3 & -1 & c_3 \end{vmatrix}=0$

$\Rightarrow m_1(c_2-c_3)+m_2(c_3-c_1)+m_3(c_1-c_2)=0$.

**नोट :** विद्यार्थी इस प्रश्न को सूत्र की तरह याद रखें।

**4.** (c) $\begin{vmatrix} p-q & q-r & r-p \\ q-r & r-p & p-q \\ r-p & p-q & q-r \end{vmatrix}=\begin{vmatrix} 0 & q-r & r-p \\ 0 & r-p & p-q \\ 0 & p-q & q-r \end{vmatrix}=0$

अतः रेखायें संगामी हैं।

**वैकल्पिक :** चूँकि $x$ व $y$ के गुणांकों तथा अचर पदों का योग शून्य है अतः रेखायें संगामी होंगी।

**5.** (b) विकल्पों द्वारा जाँच करते हैं

विकल्प (a) से, $\begin{vmatrix} 3 & 4 & 6 \\ 6 & 5 & 9 \\ 2 & 3 & 5 \end{vmatrix}=3(25-27)-4(12)+6(8)\neq 0$

विकल्प (b) से, $\begin{vmatrix} 3 & 4 & 6 \\ 6 & 5 & 9 \\ 3 & 3 & 5 \end{vmatrix}=3(25-27)-4(3)+6(3)=0$.

**6.** (a) रेखायें संगामी होंगी, यदि $\begin{vmatrix} 7 & -8 & 5 \\ 3 & -4 & 5 \\ 4 & 5 & k \end{vmatrix}=0$

$\Rightarrow 7(-4k-25)+8(3k-20)+5(15+16)=0 \Rightarrow k=-45$.

**7.** (a) यहाँ रेखायें $x-3=0, y-4=0$ व $4x-3y+a=0$ हैं।

ये संगामी होंगी, यदि $\begin{vmatrix} 1 & 0 & -3 \\ 0 & 1 & -4 \\ 4 & -3 & a \end{vmatrix}=0 \Rightarrow a=0$.

**8.** (c) $3(12x+10y-3)-2(15x-18y+1)=6x+66y-11=0$

अतः रेखायें संगामी हैं।

**9.** (a) तीनों रेखायें संगामी होंगी, यदि $\begin{vmatrix} 1 & 2 & -9 \\ 3 & 5 & -5 \\ a & b & -1 \end{vmatrix}=0$

$\Rightarrow 35a-22b+1=0$

जो कि सत्य होगा यदि रेखा $35x-22y+1=0$, बिन्दु $(a, b)$ से गुजरती है।

**10.** (b) यदि दी गयी रेखायें संगामी हैं, तो

$\begin{vmatrix} a & 1 & 1 \\ 1 & b & 1 \\ 1 & 1 & c \end{vmatrix}=0 \Rightarrow \begin{vmatrix} a & 1-a & 1-a \\ 1 & b-1 & 0 \\ 1 & 0 & c-1 \end{vmatrix}=0$

{ $C_2 \to C_2-C_1$ व $C_3 \to C_3-C_1$ का प्रयोग करने पर}

$\Rightarrow a(b-1)(c-1)-(b-1)(1-a)-(c-1)(1-a)=0$

$\Rightarrow \dfrac{a}{1-a}+\dfrac{1}{1-b}+\dfrac{1}{1-c}=0$,

{$(1-a)(1-b)(1-c)$ द्वारा विभाजित करने पर}

$\Rightarrow \dfrac{1}{1-a}+\dfrac{1}{1-b}+\dfrac{1}{1-c}=1$.

**11.** (a) यह दिया गया है कि रेखायें $ax+2y+1=0$, $bx+3y+1=0$ व $cx+4y+1=0$ संगामी हैं, अतः

$\begin{vmatrix} a & 2 & 1 \\ b & 3 & 1 \\ c & 4 & 1 \end{vmatrix}=0$

$\Rightarrow -a+2b-c=0 \Rightarrow 2b=a+c$

$\Rightarrow a,b,c$ समान्तर श्रेणी में हैं।

**12.** (a) दी गयी रेखायें संगामी होंगी, यदि $\begin{vmatrix} 2 & 1 & -1 \\ a & 3 & -3 \\ 3 & 2 & -2 \end{vmatrix}=0$

यह $a$ के प्रत्येक मान के लिए सत्य होगा, क्योंकि $C_2$ व $C_3$ सर्वसम हैं।

**13.** (c) रेखायें संगामी होंगी, यदि $\begin{vmatrix} 4 & 3 & -1 \\ 1 & -1 & 5 \\ b & 5 & -3 \end{vmatrix}=0$

$\Rightarrow 4(3-25)-3(-3-5b)-1(5+b)=0$

$\Rightarrow -88+9+15b-5-b=0 \Rightarrow -84+14b=0$

